आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




# शंभू बॉर्डर पर तनाव, किसान-पुलिस आमने-सामने

## दिल्ली जाने दे सरकार : सरवन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पंजाब और हरियाणा के किसानों का 'दिल्ली चलो मार्च' का आज दूसरा दिन है। किसानों को हरियाणा पुलिस ने अभी भी शंभू बॉर्डर पर रोका हुआ है। वहीं किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा है कि सरकार किसानों की मांगें माने नहीं तो हमें दिल्ली जाने दें। किसान दिल्ली जाने के लिए अपने घरों से निकले हैं और दिल्ली जाकर रहेंगे। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक किसानों के मुददे पर कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में मंत्रियों की बैठक हो रही है।

पंजाब और हरियाणा के किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर रोक लिया गया है। किसानों को रोकने और उन्हें तितर-बितर करने के लिए मंगलवार को पुलिस की ओर से आंसू (शेष पृष्ठ-3 पर)

## किसानों के मुद्दे पर केन्द्र की बैठक





### जल्दबाजी में कानून नहीं : मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि किसान संगठनों को ये समझना होगा कि जिस कानून की बात की जा रही है। उस कानून के बारे में इस तरीके से कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता, जिससे बाद के दिनों में सबके लिए बगैर सोची समझी स्थिति के बार में लोग आलोचना करें। हमें ये कोशिश करनी चाहिए हम इसके सभी पक्षों का ध्यान रखें। किसानों को इस बात का भी ध्यान रखना पड़ेगा कि आम जनजीवन को बाधित ना करें, आम जनजीवन किसी तरह से परेशान ना हो।

## चिल्ला, गाजियाबाद बॉर्डर पर जाम

### टकराव नहीं चाहते : सरवन सिंह



किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि हम प्रो खालिस्तानी और प्रो लेफ्ट-कांग्रेसी होने का आरोप लगाया जा रहा है, जोकि पूरी तरह गलत है। वहीं पत्थरबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि हम पत्थरबाजी नहीं कर रहे हैं, हमारा आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है। सरकार आंदोलन को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने हमारे किसानों पर लाठीचार्ज किया है और आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां दागी। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते, सरकार हमारी मांगें मान ले। किसान नेता सरवन सिंह पंथेर ने बुधवार को शंभू बॉर्डर पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। शंभू सीमा पर किसान नेता सरवन सिंह पंथेर ने कहा कि हमारे बारे में एक धारणा बनाने की कोशिश की जा रही है। हम यहां सरकार के साथ टकराव के लिए नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि हम एमएसपी कानून पर कायम हैं। सरकार एमएसपी कानून लागू करे। पीएम मोदी बड़ा दिल दिखाएं। हम बातचीत के लिए तैयार थे, तैयार हैं। सरकार आंदोलन को बदनाम कर रही है।

## गाजीपुर बॉर्डर सील

पंजाब के किसान हरियाणा होते हुए दिल्ली में घुसना चाहते हैं. हालांकि 'दिल्ली चलो' मार्च का सबसे ज्यादा असर पंजाब में ही है. इसके अलावा हरियाणा के कुछ जिलों में इसका असर है, लेकिन यूपी में इसका कोई खास प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। हालांकि किसान नेता राकेश टिकैत ने कल ही कह दिया था कि अगर जरूरत पड़ी तो हम भी आंदोलन में शामिल हो जाएंगे।

राकेश टिकैत ने कहा कि हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह किसानों से बात करे। उन्हें रोकने की कोशिश न करे. वे किसान हैं और हमारी सभी मांगें एक जैसी हैं। किसानों पर लाठीचार्ज को लेकर कहा था कि किसान कभी पीछे नहीं हटेंगे, ( शेष पृष्ठ-3 पर )

### चिल्ला बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा

किसानों को रोकने के लिए नोएडा से लगने वाले चिल्ला बॉर्डर पर भी पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि इस बॉर्डर को सील नहीं किया गया है। यहां बैरिकेडिंग कर लोगों से आने-जाने दिया जा रहा है। पुलिस बल तैनात है, हालांकि उन्हें रोका नहीं जा रहा है. अगर किसी भी तरह से हालात बिगड़ते हैं तो बॉर्डर को सील कर दिया जाएगा।

## एअर चीफ मॉर्शल ने सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

### शहीद स्मारक संस्थान के 23वें वार्षिक दिवस पर पहुंचे वीआर चौधरी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हमारे जांबाज सैनिकों तथा सशक्त सेनाओं के कारण देश की सीमाएं पूरी तरह महफूज हैं। देश की तीनों सेनाओं के जवान देश की आन-बान व शान के लिए मर मिटने को तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि भारत की सेनाओं का दुनिया लोहा मानती है। सैनिकों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। शहीद सैनिकों पर देश को गर्व है।

यह उदगार व्यक्त किए देश के वायुसेना अध्यक्ष एअर चीफ मॉर्शल वी.आर. चौधरी ने। वे आज सेक्टर-29 स्थित शहीद स्मारक संस्थान के 23वें वार्षिक दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सदरपुर में दिनदहाड़े छात्रा के अपहरण की कोशिश

- स्कूल जा रही छात्रा को जबरन कार में खींचने लगे बदमाश, माता पिता से मारपीट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस की तमाम सख्ती के बावजूद भी बदमाशों के हौंसले पस्त होते नहीं दिख रहे हैं। कार सवार बदमाशों ने स्कूल में प्रवेश पत्र लेने जा रही छात्रा का सरेराह अपहरण का प्रयास किया गया। इस दौरान छात्रा को बचाने आए माता-पिता के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की। हंगामा होता देखकर मौके पर जुटी भीड़ ने दो (शेष पृष्ठ-3 पर)


### किशोरी का अपहरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के अगाहपुर गांव से एक 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी की मां ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। अगाहपुर गांव में रहने वाली मिथिलेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 12 फरवरी की शाम को उसकी बेटी घर से किसी काम के लिए बाहर गई थी इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। देर रात तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सोनिया गांधी ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन, कांग्रेस ने चार नाम किए घोषित

**दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज संसद के उच्च सदन, राज्यसभा के लिए राजस्थान से अपना नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए 4 नामों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजा जाएगा।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेनूगोपाल ने राज्यसभा चुनावों के लिए आज सुबह 4 नामों की लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में राजस्थान से सोनिया गांधी, बिहार से डा. अखिलेश प्रसाद सिंह, हिमाचल प्रदेश (शेष पृष्ठ-3 पर)



### आप के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र जादौन का निधन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेद्र सिंह जादौन का आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में निधन हो गया। भूपेन्द्र सिंह जादौन को 28 दिसंबर 2023 को कार्यालय में ब्रेनहैमरेज हो गया था। उनका ब्रेन का ऑपरेशन भी हुआ था और वह कोमा में थे। उनके निधन से आम आदमी पार्टी तथा उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड गई है।

## सरस आजीविका मेले का शुभारंभ 16 से




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 33 ए स्थित शिल्पहाट में 16 फरवरी से सरस आजीविका मेला का शुभारंभ होगा जो 4 मार्च तक चलेगा। इस मेले का आयोजन ग्रामीण मंत्रालय व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज संस्थान द्वारा किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन तथा नोएडा प्राधिकरण का समुचित सहयोग मिल रहा है। आज शिल्पहाट में मेल की जानकारी देने के लिए एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, ग्रामीण विकास मंत्रालय (शेष पृष्ठ-3 पर)

## टैक्सी ड्राइवर ने लगाई फांसी, महिला ने दी जान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के एमनादाबाद की एक सोसायटी में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक टैक्सी ड्राइवर था और अपनी ससुराल में रहता था। वही फांसी लगाने के बाद गंभीर स्थिति में फॉर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराई गई महिला की मौत हो गई। ग्राम एमनाबाद की कृष्णा काउंटी सोसाइटी में रहने वाला नीरज गौतम अपनी पत्नी के साथ ससुराल में रहता था। नीरज गौतम टैक्सी चला कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। मंगलवार को उसकी पत्नी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## टारगेट पर होती थी स्पोर्ट्स बाइक, दो बदमाशों को पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बुलंदशहर से आकर नोएडा ग्रेटर-नोएडा में वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का थाना सेक्टर-39 पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक बाल अपचारी शामिल है इनके कब्जे से पुलिस ने 10 चोरी की स्पोर्ट्स बाइक बरामद की है। गिरोह के सदस्य नोएडा में किराए पर रह कर रेकी करने के बाद वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि थाना सेक्टर-39 पुलिस स्टेलर पार्क के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## दिनदहाड़े स्कूल के टीचर को मारी गोली



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर से इस समय बड़ी खबर आ रही है। यहां दिनदहाड़े दो अज्ञात युवकों ने स्कूल में पढ़ाने वाले एक टीचर को गोली मार दी है। गंभीर रूप से इस घायल टीचर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## धूमधाम से बसंत पंचमी व सरस्वती पूजा मनाई





**नोएडा ( चेतना मंच )।**

सेक्टर-12 स्थित भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में आज धूमधाम से बसंत पंचमी तथा सरस्वती पूजा उत्सव मनाया गया।

इस मौके पर शिक्षक टीकम तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीतू छात्र अंबर के अभिभावक विपिन कुमार ठाकुर व उनकी पत्नी सुषमा ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष हवन पूजन किया गया। इसके पूर्व सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया।

विद्यालय के शिक्षक नीरज, व शिक्षक स्वल्प ने बसंत पंचमी व वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्रों ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर अध्यापक मदन व श्रीमती नीतू समेत सभी शिक्षक छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

SARASWATI GLOBAL SCHOOL
SGS NOIDA



CBSE PATTERN
SCHOOL IN NOIDA
ADMISSION OPEN
2024-25
8750611103,8285220921,9968227330
https://www.sgsnoida.in
Sector -22,Noida

## कूटनीति की जीत

जिस कतर में शरिया कानून लागू हो और उससे हमारे रिश्ते बहुत मधुर न रहे हों, वहां से मौत की सज़ा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक अधिकारियों की रिहाई भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता ही कही जाएगी। ओमान की एक कंपनी के माध्यम से कतर के एक सुरक्षा प्रोजेक्ट में काम करने वाले इन अधिकारियों को पिछले साल अक्तूबर में निचली अदालत द्वारा मौत की सज़ा सुनाई गई थी। भारत सरकार के कूटनीतिक प्रयासों से पहले फांसी की सज़ा को टाला गया और उसके बाद सिर्फ डेढ़ माह में वे सकुशल घर लौट आए। निस्संदेह, यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी थी। जिसने भारतीय राजनय को मुश्किल में डाल दिया था। बहरहाल, दाहरा ग्लोबल कंपनी के लिये काम करने वाले भारतीय नागरिकों की रिहाई सुखद है, जिनको लेकर विपक्ष भी सरकार पर दबाव बना रहा था। इन भारतीयों की रिहाई के बाद विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री अपनी दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के बाद अब कतर भी जाएंगे। निस्संदेह, इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच बढ़े कूटनीतिक तनाव का पटाक्षेप भी होगा। दरअसल, प्रधानमंत्री यूएई में मध्यपूर्व के किसी इस्लामिक देश में बनने वाले पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन के अलावा एक आर्थिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि इन पूर्व नौसैनिक अधिकारियों को अगस्त, 2022 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन कतर व भारत की तरफ से कभी गिरफ्तारी के कारणों का जिक्र नहीं किया गया। कालांतर में भारत के कूटनीतिक प्रयासों से बीते साल अपील दायर करने के बाद मौत की सज़ा को कैद में बदल दिया गया। वैसे कतर की जेलों में अभी भी काफी भारतीय बंदी हैं। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में छपी रिपोर्टों की मानें तो कतर की कार्रवाई की वजह एक सबमरीन प्रोजेक्ट की संवेदनशील जानकारी लीक होना बताया गया है। दरअसल, ये सभी कर्मचारी ओमान की कंपनी दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज में काम करते थे। यह कंपनी कतर नौसेना के लिये एक उन्नत इतालवी तकनीक युक्त तथा रडार से बचने वाली सबमरीन हासिल करने के लिये काम कर रही थी। बताया जाता है कि पिछले वर्ष जब कतर ने कंपनी को बंद किया तो सत्तर फीसदी कर्मियों को देश छोड़ने को कहा, जिनमें अधिकांश भारतीय नौसेना के पूर्वकर्मी थे। हालांकि, यह भारत के लिये डिप्लोमैटिक चैलेंज नहीं था क्योंकि जो लोग ओमान की कंपनी में काम कर रहे थे, वे सरकारी काम के लिये नहीं गए थे। वे नेवी से सेवानिवृत्ति के बाद निजी कंपनी के लिये काम कर रहे थे। इसके बावजूद भारत सरकार ने इस मामले में गंभीर रुचि ली और गिरफ्तार लोगों को कांसुलर और कानूनी सहायता प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करायी। साथ ही गिरफ्तार लोगों के परिवारों से भी बराबर संपर्क कायम किया। दरअसल, प्रधानमंत्री ने बीते साल दिसंबर में दुबई में संपन्न विश्व पर्यावरण सम्मेलन में कूटनीतिक चैनल का इस्तेमाल किया। इस दौरान सम्मेलन से इतर कतर के अमीर शेख से द्विपक्षीय मुलाकात की थी। भारतीय पूर्व नौसैनिकों की सज़ा खत्म होने के संदर्भ में इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना गया था। लेकिन एक जटिल देश में यह गंभीर मामला इतनी जल्दी भारत के पक्ष में आ जाएगा, किसी को इसका अहसास नहीं था। इस रिहाई के पार्श्व में हाल ही में हुए एक महत्वपूर्ण समझौते को भी देखा जा रहा है। जिसके अंतर्गत भारत और कतर के बीच आगामी दो दशक तक के लिये 78 अरब डॉलर का करार हुआ है। भारत 2048 तक कतर से तरल प्राकृतिक गैस खरीदेगा। हर साल आयातित होने वाली साढ़े सात मिलियन टन गैस का उपयोग रासायनिक खाद, बिजली व सीएनजी बनाने में होगा। बहरहाल, जिस सज़ा के मिलने से पूरा देश स्तब्ध था, उसका सुखद पटाक्षेप हो गया है। सचमुच भारत सरकार के लिये मामला अग्निपरीक्षा जैसा था। भारत कतर के साथ संबंध खराब भी नहीं कर सकता था क्योंकि वहां करीब नौ लाख भारतीय काम कर रहे हैं। वैसे भी कतर अफगानिस्तान से लेकर गाजा तक, दुनिया के तमाम इस्लामिक देशों में जारी विवादों में मध्यस्थता की भूमिका निभा रहा है।

# ईपीएफ में न्यूनतम पेंशन का सवाल

एंप्लाइज पेंशन स्कीम (ईपीएस), 1995 के अंतर्गत, ऐसे कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्य हैं, उनके लिए न्यूनतम पेंशन का प्रावधान पहली बार भारत सरकार द्वारा 1995 में किया गया था, जिसे 2014 में 1000 रुपए प्रतिमाह तक बढ़ा दिया गया, लेकिन कर्मचारी पिछले कुछ समय से मूल पेंशन में वृद्धि करने और अन्य मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। सभी के लिए ज्यादा पेंशन = ईपीएस स्कीम के तहत अभी सभी कर्मचारियों के लिए 1000 रुपए प्रतिमाह की पेंशन का प्रावधान है। लेकिन मजदूर संगठनों द्वारा बार-बार यह मांग की जा रही है कि सभी सदस्यों को ज्यादा पेंशन का प्रावधान होना चाहिए। अलग-अलग संगठनों ने इसके लिए अलग-अलग पेंशन राशि की मांग की है। इस संबंध में, देश के सबसे बड़े मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ की मांग है कि सभी कर्मचारियों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए और पेंशन अंतिम आहरित वेतन का आधा तय किया जाना चाहिए, और ईपीएस कोई अपवाद नहीं होना चाहिए।

अलग-अलग प्रकार की पेंशन : गौरतलब है कि देश में कर्मचारियों के लिए उनके नियोक्ता के हिसाब से अलग-अलग प्रकार की सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का प्रावधान है। एक तरफ 2004 से पूर्व में नियुक्त सरकारी कर्मचारी हैं, जिन्हें सरकार उनकी पूरी सेवा अवधि के बाद आखिरी वेतन के आधे के बराबर मासिक पेंशन के रूप में प्रदान करती है। 2004 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन स्कीम का प्रावधान है, जिसमें कर्मचारी और नियोक्ता दोनों द्वारा भविष्य निधि में योगदान दिया जाता है, जिसे नई पेंशन स्कीम के नियमों के अनुसार प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है, और उसी संचित निधि में से योगदान पर आधारित पेंशन देने का प्रावधान है। नई पेंशन स्कीम के अंतर्गत आने वाले सरकारी कर्मचारी भी लंबे समय से पुरानी पेंशन स्कीम के तहत पेंशन की मांग कर रहे हैं और कई राज्य सरकारों ने अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली भी कर दी है। निजी क्षेत्र के कर्मचारी ईपीएफओ के अंतर्गत आते हैं। ईपीएफओ के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों और नियोक्ताओं द्वारा राशि ईपीएफओ में जमा की जाती है और इस प्रकार से हर कर्मचारी द्वारा जमा कुल राशि पर हर साल घोषित ब्याज दर के हिसाब से ब्याज लगाया जाता है। अपने सेवा काल के दौरान जमा की गई राशि और साथ ही ब्याज पर भुगतान सेवानिवृत्ति अथवा नौकरी छोडने़ या छूटने पर कर्मचारी को कर दिया जाता है। वर्ष 1995 से ईपीएफओ के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों को उनकी जमा राशि और ब्याज के अलावा न्यूनतम पेंशन का प्रावधान किया गया और उसे बाद में 1000 रुपए प्रतिमाह तक बढ़ाया गया। इसके बाद कर्मचारियों की लगातार यह मांग रही है कि यह राशि अत्यंत कम है और इसमें वृद्धि होनी चाहिए। यही नहीं, नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा गैर ईपीएफओ कर्मचारियों और मजदूरों एवं स्वरोजगार युक्त छोटे व्यापारियों के लिए नई शुरुआत की गई है।

गैर ईपीएफओ कर्मचारियों और मजदूरों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना राष्ट्रीय पेंशन योजना प्रारंभ की गई है एवं व्यापारी और स्वरोजगार युक्त व्यक्तियों के लिए भी इसी प्रकार की व्यवस्था है। इन दोनों योजनाओं में 18 से 40 वर्ष की आयु के बीच के आवेदकों को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक 55 रुपए से 200 रुपए प्रति माह तक मासिक योगदान करना होगा। एक बार जब लाभार्थी 18-40 वर्ष की प्रवेश आयु में योजना में शामिल हो जाता है, तो लाभार्थी को 60 वर्ष की आयु तक योगदान करना होता है। 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर, ग्राहक को, जैसा भी मामला हो, पारिवारिक पेंशन के लाभ के साथ 3000 रुपए की सुनिश्चित मासिक पेंशन डीबीटी द्वारा प्राप्त होगी। यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि किसी ग्राहक ने लगातार योगदान का भुगतान नहीं किया है, तो उसे सरकार द्वारा तय किए गए दंड शुल्क, यदि कोई हो, के साथ-साथ संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करके अपने योगदान को नियमित करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त सरकारी बैंकों और अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में सामाजिक सुरक्षा की अलग-अलग व्यवस्था है। यानी कहा जा सकता है कि देश हर कम या ज्यादा सभी आय वर्गों के कर्मचारी और स्वरोजगार युक्त व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न प्रकार की रचना देश में बनी हुई है। गौरतलब है कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और स्वरोजगार युक्त लोगों को दी जाने वाली पेंशन का भुगतान मोटे तौर पर तब करना होगा जब वर्तमान में इसके लिए जिन 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों ने सदस्यता ली है। यानी इस योजना के लिए राशि का प्रावधान कम से कम 20 वर्ष से पहले नहीं करना पड़ेगा। लेकिन यदि ईपीएफओ के सदस्यों को यदि ऊंची पेंशन देनी पड़े तो उसकी देनदारी तुरंत ही ईपीएफओ के संचित फंड पर पड़ेगी और इतनी पेंशन देने के बाद ईपीएफओ की संचित राशि धीरे-धीरे समाप्त हो सकती है। ऐसे में ईपीएफओ में अपना योगदान देने वाले कर्मचारियों को भविष्य में उनकी राशि वापस करने में कठिनाई हो सकती है। केंद्र सरकार की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ईपीएसए 1995 के तहत पेंशन फंड एक एकत्रित फंड है।

पेंशन निधि में, व्यक्तिगत खाते नहीं रखे जाते हैं। ईपीएसए 1995 के सदस्य सेवा के वर्षों की संख्या के आधार पर उनकी पात्रता के आधार पर निकासी लाभ या पेंशन के लिए पात्र हैं। 31.03.2019 तक फंड के एक्चुरियल मूल्यांकन के अनुसार, पेंशन फंड घाटे में है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा वर्तमान में नियोक्ता के योगदान के रूप में वेतन के 1.16 प्रतिशत के रूप में लगभग 8000 करोड़ रुपए का योगदान दिया जा रहा है। इसके अलावा न्यूनतम पेंशन के 1000 रुपए के भुगतान के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए का योगदान दिया जा रहा है। इसलिए, न्यूनतम पेंशन राशि बढ़ाए जाने के बाद बजट से बहुत बड़ी राशि की आवश्यकता होगी, और पूरा बोझ केंद्र सरकार पर पड़ेगा। अगर केंद्र सरकार ईपीएफओ में इस पेंशन को बढ़ाने का फैसला लेती है तो उसे उसी अनुपात में इसका बोझ उठाना होगा, इसलिए सरकार को यह फैसला लेने से पहले अपने बजटीय संसाधनों को ध्यान में रखना होगा।

सुप्रीम कोर्ट का निर्णय : सुप्रीम कोर्ट ने 4 नवंबर 2022 के अपने निर्णय में 15 हजार से ऊपर के वेतन वाले कर्मचारियों के लिए, कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के अंतर्गत यह निर्देश दिया कि ऐसे कर्मचारियों के लिए नियोक्ताओं का योगदान 8.33 प्रतिशत की बजाय 9.49 प्रतिशत रहेगा। इस अतिरिक्त राशि का भुगतान केंद्र सरकार करती है। गौरतलब है कि कर्मचारियों का योगदान इस योजना में वेतन का 12 प्रतिशत रखा गया था। इस संबंध में जिन कर्मचारियों की पात्रता पाई गई, उनके संबंध में उन्हें डिमांड नोटिस जारी कर दिए गए। गौरतलब है कि इस संबंध में विकल्प उन्हीं कर्मचारियों द्वारा भरे जा सकते हैं, जो 1 सितंबर 2014 को अथवा उससे पूर्व सेवा में थे। इस संबंध में 17.5 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। गौरतलब है कि सरकार का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का ऊंची पेंशन देने का निर्णय सभी कर्मचारियों के लिए नहीं माना गया था। कर्मचारियों को पेंशन में वृद्धि हेतु कुछ समय तो लग सकता है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि पेंशन राशि के संबंध में सरकार कर्मचारियों के पक्ष में सोच रही है।

**-डा. अश्वनी महाजन**
**कालेज प्रोफेसर**

## पुलवामा हमला



**उस समय जब मैं उठी, तो सबको परेशान देखा मैंने**
**किसी को अफसोस करते हुए,**
**तो किसी को रोते हुए देखा मैंने।**
**जानना चाहती थी कि सब इतने हैरान परेशान क्यों है**
**अचानक बाबा को कहते हुए सुना कि**
**कई जवान शहीद हुए हैं।**
**पूछना चाहती थी कि आखिर हुआ क्या है**
**धीरे से मां को कहते हुए सुना कि पुलवामा अटैक हुआ है।**
**सबको हैरान परेशान होता देख मैं भी परेशान होने लगी थी।**
**शायद किसी से कुछ पूछना चाहती थी और किसी को कुछ**
**बताना भी चाहती थी।**
**फिर अचानक एक उपाय सूझी मुझे,**
**कि क्यों न कुछ लिखकर सब कुछ बयां की जाएं और फिर**
**लिखना शुरू किया मैंने।**
**कुछ के हाथों में तो मेंहदी भी नहीं रची थी,**
**कुछ के हाथों से तो मेंहदी भी नहीं छूटी थी,**
**कुछ ने तो अपना पूरा फ्यूचर ही देख लिया था,**
**कुछ बहनों ने तो राखी भी खरीद ली थी,**
**और कुछ मां बाप ने तो पूजा की थाल भी सजाई थी।**
**लेकिन कौन जानता था कि ये उनकी आखिरी मेंहदी होगी?**
**कौन जानता था उनका पूरा फ्यूचर ही सिर्फ बंद आंखों से**
**देखा हुआ एक सपना रह जाएगा?**
**कौन जानता था कि ये उनकी आखिरी राखी होगी?**
**और कौन जानता था कि ये उनकी पूजा की आखिरी थाल**
**सजी होगी?**
**'मैं आप सभी से पूछना चाहती हूं कि**
**कब तक ऐसे हमले होते रहेंगे**
**और कब तक न जाने मासूम लोग**
**ऐसी महान हस्ती खोते रहेंगे'**

**-असमीना**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सेवकों को सुख देने वाले, कृपा के समूह ( कृपामय ) श्री रामजी ने मुझे मोह से सर्वथा रहित कर दिया। उनकी पहले वाली प्रभुता को विचार-विचारकर ( याद कर-करके ) मेरे मन में बड़ा भारी हर्ष हुआ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**भगत बछलता प्रभु कै देखी। उपजी मम उर प्रीति बिसेषी॥**
**सजल नयन पुलकित कर जोरी। कीन्हिउँ बहु बिधि बिनय बहोरी॥**

प्रभु की भक्तवत्सलता देखकर मेरे हृदय में बहुत ही प्रेम उत्पन्न हुआ। फिर मैंने (आनंद से) नेत्रों में जल भरकर, पुलकित होकर और हाथ जोड़कर बहुत प्रकार से विनती की॥

**दो0-सुनि सप्रेम मम बानी देखि दीन निज दास।**
**बचन सुखद गंभीर मृदु बोले रमानिवास॥**

मेरी प्रेमयुक्त वाणी सुनकर और अपने दास को दीन देखकर रमानिवास श्री रामजी सुखदायक, गंभीर और कोमल वचन बोले- ॥

**काकभसुंडि मागु बर अति प्रसन्न मोहि जानि।**
**अनिमादिक सिधि अपर रिधि मोच्छ सकल सुख खानि॥**

हे काकभुशुण्डि! तू मुझे अत्यंत प्रसन्न जानकर वर माँग। अणिमा आदि अष्ट सिद्धियाँ, दूसरी ऋद्धियाँ तथा संपूर्ण सुखों की खान मोक्ष, ॥

**ग्यान बिबेक बिरति बिग्याना। मुनि दुर्लभ गुन जे जग नाना॥**
**आजु देउँ सब संसय नाहीं। मागु जो तोहि भाव मन माहीं॥**

ज्ञान, विवेक, वैराग्य, विज्ञान, (तत्त्वज्ञान) और वे अनेकों गुण जो जगत में मुनियों के लिए भी दुर्लभ हैं, ये सब मैं आज तुझे दूँगा, इसमें संदेह नहीं। जो तेरे मन भावे, सो माँग ले॥

**सुनि प्रभु बचन अधिक अनुरागेउँ। मन अनुमान करन तब लागेउँ॥**
**प्रभु कह देन सकल सुख सही। भगति आपनी देन न कही॥**


प्रभु के वचन सुनकर मैं बहुत ही प्रेम में भर गया। तब मन में अनुमान करने लगा कि प्रभु ने सब सुखों के देने की बात कही, यह तो सत्य है, पर अपनी भक्ति देने की बात नहीं कही॥

**क्रमशः**

# निब्बा-निब्बी का वैलेंटाइन वीक

वैलेंटाइन वीक, निब्बा-निब्बी की खुमारी के लिए सदैव से चोंचलों का स्वर्णयुग रहा है। निब्बा का बटुआ निब्बी के लिए और निब्बी का पर्स निब्बा के लिए हमेशा बादशाह अकबर के खजाने की तरह खुला रहता है। अगर दिल खुला हो तो दोनों पागलपंती की सारी हदें पार कर देते हैं। साल भर चाहे जैसा भी रहें लेकिन इस एक सप्ताह वे चादर के अनुसार पाँव पसारने की आदत को तिलांजली देकर उधारी के बुर्ज खलीफा पर चढ़ने की नई मिसाल स्थापित करते हैं। निब्बा-निब्बी का प्यार वह 'इलास्टिक' है जिसे खींच-खींचकर वे कभी अपना सिर ढक लेते हैं तो कभी पाँव। प्यार दिखाने का यही बेहतरीन तरीका है।

वैलेंटाइन वीक को कभी जेब कतरने की कैंची कहा जाता था। आजकल इसे संबंध जोड़ने वाला 'फ़ेवीकॉल% समझा जाता है। आज का इन्वेस्टमेंट, कल का ओयो रूम बन सकता है। जरूरत है तो सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करने की। पता चला कि गलत बंदे या बंदी पर इन्वेस्ट कर दिया तो ओयो रूम की जगह नसें काटकर तड़प-तड़प के दिल से आह निकलती रही...गीत गाना पड़ सकता है। बाजार में निब्बा-निब्बियों का बोलबाला है। अब तो बैंक वाले भी लुभावने तरीके से निब्बा-निब्बियों को आकर्षित करने के लिए नई-नई स्कीमें लाने के बारे में सोच रहे हैं। जैसे ही आरबीआई से अनुमति प्राप्त हो जाएगी तुरंत वे मकान की जगह रोज खरीदने के लिए रोज लोन, प्रपोज करने के लिए खंभा लेना हो तो आसान किस्तों पर सुलभ होने वाला खंभा लोन, चॉकलेट लेना हो तो चॉकलेट लोन, टेड्डी लेने के लिए इंस्टेट टेड्डी लोन, प्रॉमिस को निभाने के लिए प्रॉमिस लोन, यह सब लोन न भरने पर हग लोन के बहाने हगवाने वाला लोन, चुम्मा-चुम्मी को यादगार बनाने के लिए किरकिरी लोन और अंत में सड़क पर लाने के लिए वैलेंटाइन से मिलता जुलता टनटनाटन लोन। ये ऐसी स्कीमें हैं जिससे निब्बा-निब्बी तो एक-दूसरे के इतने निकट आ जाते हैं कि दूर जाने के लिए उन्हें फोन का स्टोरेज क्लियर करने के लिए एक युग बीत जाता है। इस पर भी न जाने कितनी इनकी पागलपंती बदनभर पर टैटू के रूप में रह ही जाती है। प्यार के कीड़े निब्बा-निब्बी को देखकर थिरकने लगते हैं।



**वैलेंटाइन वीक को कभी जेब कतरने की कैंची कहा जाता था। आजकल इसे संबंध जोड़ने वाला 'फ़ेवीकॉल' समझा जाता है। आज का इन्वेस्टमेंट, कल का ओयो रूम बन सकता है। जरूरत है तो सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करने की।**

प्यार का दरवाजा उपहारों की चाबी से खुलता है और अगर आपकी जेब भारी है तो प्यार का सैलाब हिलोरे मारते-मारते आपके दिलोदिमाग में तूफान ला देता है।

बेकरी और पब की दुकानों से लेकर आई मैक्स थियेटर तक आप अपनी 'निब्बा-निब्बियत' को भुना सकते हैं। एक बार बात बनी तो निरोध अनुरोध को रिप्लेस कर देता है। प्यार जताने का सरल गणित है समय पर भुगतान। निब्बा निब्बी को परखता है और निब्बी निब्बा को। और जब उसे विश्वास हो जाता है कि वे जेब से नंगे नहीं है, तब वे न आपको छोड़ते हैं और न वह आपको। दोनों जब तक एक-दूसरे के प्यार में अंधे होकर पागलों जैसी हरकतें नहीं करते तब तक प्यार की खुमारी वाला कीड़ा लोचे पर लोचा करता रहता है।

वैलेंटाइन वीक निब्बा-निब्बी को अपनी औकात से कुछ ज्यादा ही छलांग लगाना सिखा देता है। जेब को देखकर मन मारना नहीं पड़ता। निब्बा-निब्बी का मुँह खुला की फरमाइश पूरी। निब्बा-निब्बी महंगा सस्ता नहीं देखते और मोलभाव नहीं करते। दिखावटी प्यार करने वाले ठीक उस बकरी की तरह होते हैं जो असली प्यार की कसाई वाली बोटी हज़्म नहीं कर पाते। प्यार का कीड़ा एकदम नहीं तो धीरे-धीरे पैर पीछे करने लगता है। निब्बा-निब्बी का प्यार पागलपंती पर चलता है। निब्बा भी पागल, निब्बी भी पागल। वे वैलेंटाइन वीक देखकर प्यार करते हैं और देर-सबेर होने पर ब्रेकप के नाम पर अपने-अपने फोन की गैलरी डिलीट या फिर ब्लैकमेल करते हुए पाए जाते हैं। वैलेंटाइन की चुटकी, निब्बा-निब्बी को तिलमिलाती नहीं, गुदगुदाती है क्योंकि प्यार का कीड़ा उन्हें अंधा कर देती है। मेला बाबू थाना थाया, तू किसका बच्चा हैङ्क तू मेरा बच्चा है जैसे प्रेमालाप से वैलेंटाइन वीक गूँज उठता है और प्यार की पागलपंती वाला वाईफाई यूजर आईडी केवल 143 के पासवर्ड से काम करता है।

**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

## राशिफल

माघ शुक्ल पंचमी | ( विक्रम संवत् 2080 )

**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )** शुभता के प्रतीक बनेंगे। जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य में सुधार।

**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )** खर्च की अधिकता रहेगी, यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। राजनीतिक लाभ। स्वास्थ्य में सुधार।

**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )** यात्रा के योग बनेंगे। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत अच्छी।

**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )** परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )** जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। शादी-ब्याह तय हो सकता है।

**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )** शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )** विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छी स्थिति। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )** भूमि,भवन, वाहन की खरीदारी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति। घर में कुछ शुभ संस्कार होंगे। मां के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )** नए व्यापार की शुरुआत हो सकती है। अपनों का साथ होगा। हर व्यक्ति मददगार रहेगा इस समय, व्यापारिक रूप से। स्वास्थ्य अच्छा।

**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )** धन का आगमन बढ़ेगा। सभ्य साधक की तरह व्यवहार करेंगे। कुटुंब में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

# अधिकारियों संग हुई किसानों की बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना प्राधिकरण के सीईओ जिला अधिकारी एवं कमिश्नर ऑफ पुलिस के साथ किसानों की बैठक हुई। बैठक में 10 प्रतिशत आबादी प्लाट देने के तीनों प्राधिकरण से पास प्रस्ताव को जो शासन स्तर पर अनुमोदन के लिए लंबित है, नए कानून को लागू करने का प्राधिकरण से पास प्रस्ताव एवं नोएडा प्राधिकरण से साढे चार सौ वर्ग मीटर के स्थान पर 1000 वर्ग मीटर तक आबादी छोड़े जाने के नियमावली में संशोधन प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड से पास प्रस्ताव होकर शासन स्तर पर लंबित सहित एवं अन्य शासन स्तर के सभी मुद्दों पर 18 फरवरी तक शासन से हाई पावर कमेटी के गठन का आश्वासन अधिकारियों ने दिया है।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना स्थल पर रात दिन के धरने का 15 वां दिन रहा धरने पर उपस्थित सैकड़ो लोगों ने प्राधिकरण और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की धरने को संबोधित करते हुए वीर सिंह ने कहा लड़ाई आर पार की है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है सरकार : मावी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी ब्लॉक पर शक्ति वंदन सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा के ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी रहे।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि आज केन्द्र सरकार एवं प्रदेश की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रहीं है। देश के विकास में महिलाओं की ज़्यादा भागीदारी हो उसके लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ऐतिहासिक बिल महिलाओं के लिये संसद में 33 प्रतिशत सीट देने के लिये पास कराया एवं महिलाओं को उनके लिए उज्जवला गैस योजना महिला उद्यमी ऋण योजना भारत आयुष्मान योजना सखी ड्रोन योजना से बहने खेती के काम में आत्मनिर्भर हो रही है। दर्जनों योजनाए नारी शक्ति को सशक्तिकरण मज़बूत करने को लेकर चल रही है। जिनसे आज माता बहनें आगे बढ़ कर देश को आगे ले जाने का कार्य कर रहीं है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ज़िला महामंत्री योगेश चौधरी, ब्लॉक प्रमुख बीजेन्द्र भाटी, धर्मेन्द्र अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन ज़ेवर विकास चौधरी, इन्द्र नागर, राज नागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, नगर अध्यक्ष राजीव सिंघल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी तोमर, डॉक्टर संगीता रावल, अर्पणा सिंह, पूनम सिंह, राजकुमारी शर्मा, बॉबी देवी, प्रीति सिंह, रीना सिंह, अनीता शिसोदिया, अरुणा शर्मा, ज्योति सिंह, शान्ति सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।




# लाठी के बल पर आन्दोलन खत्म नहीं होगा: अजय



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान युनियन (पथिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल भाटी प्रदेश अध्यक्ष अजय पहलवान राष्ट्रीय प्रवक्ता इंदर नागर, विजय नागर बिट्टू, रोकी, राहुल, हबीब खान, चमन खान, अतीक खान को कल दिल्ली कूच की तैयारी के समय पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पथिक के प्रदेश अध्यक्ष, अजय पहलवान ने कहा कि लाठी के बल पर आन्दोलन को कुचला नहीं जा सकता है।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा तैयारः खारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील खारी ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक बार फिर से प्रचंड बहुमत मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर जाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होगी उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी समाज के लोगों को साथ में लेकर चलने में विश्वास रखती है। सुनील खारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पूरी तरह से कमर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार 400 पार का जो नारा दिया है वह पूरा होगा।



# उम्र कैद काट रहे कैदी की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हत्या के मामले में लुक्सर जेल में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे एक कैदी की मौत हो गई। जेल प्रशासन के मुताबिक कैदी सांस की बीमारी से पीड़ित था।

जिला कारागार में बंदी धर्मपाल पुत्र पलटू निवासी ग्राम केवड़ा थाना लुक्सर जनपद हरिद्वार को गंभीर स्थिति में जिम्स अस्पताल लाया गया परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेल प्रशासन के मुताबिक धर्मपाल सांस की बीमारी से पीड़ित था और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था।

धर्मपाल के खिलाफ वर्ष-1997 में थाना लुक्सर में हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश चतुर्थ जनपद सहारनपुर द्वारा धर्मपाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। धर्मपाल को 18 जून 2023 को सहारनपुर के जिला कारागार से लुक्सर स्थित कारागार में स्थानांतरित किया गया था। अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना इकोटेक-1 पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है।

# पांच लैपटॉप व मोबाइल चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने अलग-अलग स्थान से पांच लैपटॉप व चार मोबाइल फोन चोरी कर लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा दो ब्लॉक में रहने वाले राहुल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि चोरों ने 13 फरवरी की सुबह उनके घर से चार लैपटॉप व 4 मोबाइल फोन चोरी कर लिए घटना के समय परिजन अपने कमरों में सोए हुए थे। पीड़ित ने थाना बीटा-2 में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं थाना सेक्टर-113 में सर्फाबाद में रहने वाले रवि कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चोरों ने उसके कमरे से लैपटॉप चार्जर चोरी कर लिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# जागरण में गया परिवार, चोरी ने किया घर साफ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छालेरा गांव में एक परिवार ने घर की खुशहाली के लिए मंदिर में जागरण का आयोजन कराया। आस पड़ोस के लोगों के साथ तमाम परिजन जागरण में भक्ति गीतों में लीन थे। इस दौरान चोरों ने घर में घुसकर इत्मीनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से एक लाख रुपए, लाखों रुपए के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ले गए। ग्राम छालेरा निवासी पंकज चौहान ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 11 फरवरी को उनके परिवार द्वारा जागरण का आयोजन किया गया था यह जागरण गांव के शिव मंदिर में आयोजित किया गया था। तमाम परिजन मंदिर पर आयोजित जागरण में गए हुए थे। जागरण समाप्त होने के बाद परिजन सुबह जब घर पहुंचे तो उन्हें ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा हुआ मिला चोर घर की अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपये तथा लाखों रुपए के जेवरात व अन्य कीमती सामान को चोरी कर ले गए थे।

# घर में घुसकर मारपीट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 में एक युवक ने पड़ोस में रहने वाली महिला व युवक के खिलाफ मारपीट कर धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। मारपीट के इस मामले को पुलिस ने करीब तीन माह बाद दर्ज किया है।

छिजारसी कॉलोनी में रहने वाले रत्नेश कुमार दास ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली सोनी कुछ युवकों के साथ उसके घर पहुंची और दरवाजा खटखटाया। उसकी मां द्वारा दरवाजा खोलते ही सोनी व अजय ने गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो सोनी और अजय ने उसके साथ मारपीट की मारपीट में उसके हाथ में गंभीर चोटें आई उसके बाद में दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो फरार हो गए।

# घर में लगाई सेंध

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 12 में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया घटना के समय पीड़ित अपने परिवार सहित एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए गया हुआ था। थाना सेक्टर 24 पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सेक्टर-12 बी ब्लॉक में रहने वाले शोएब ने बताया कि वह बीते 11 फरवरी को अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए गया था। शादी से वापस आने पर उसे घर का ताला टूटा हुआ मिला घर के भीतर जाने पर पता चला कि चोरों ने अलमारी में रखे जेवरात व 5 हजार रूपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाल जा रहा है और स्थानीय मुखबिरों की सहायता ली जा रही है।

# विश्व रेडियो दिवस मनाया गया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर एजुकेशन, नोएडा में 'वर्ल्ड रेडियो डे' के उपलक्ष्य में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने रेडियो जॉकी के विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि और माहिर के तौर पर प्रसिद्ध आर जे अमित माथुर को बुलाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ विजेता तनेजा ने इनका स्वागत करते हुए वहां मौजूद सभी विद्यार्थियों और अध्यापकगण को इनका परिचय दिया और इनके कैरियर से जुड़े कुछ अहम तथ्य साँझे किए ।आर जे अमित माथुर न वहां उपस्थित सभी विद्यार्थियों को रेडियो से जुड़ी जानकारियां दीं इसके साथ उन्होंने यह भी बताया की किस तरह से आप रेडियो के क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकतें हैं। आर जे ने यह भी बताया की रेडियो में काम करने के लिए आपकी आवाज़ में किस तरह का ठहराव होना चाहिए और आपको वॉयस मॉडुलेशन पर कैसे काम करना है। इस प्रोग्राम की मंच संचालक पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा पलक रावत रहीं और इस कार्यकर्म का धन्यवाद प्रस्ताव इसी विभाग की विद्यार्थी सिद्धि मेहरोत्रा द्वारा दिया गया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**शंभू बॉर्डर पर तनाव...**

गैस के दागे गए थे। आज दूसरे दिन भी शंभू बॉर्डर पर जबरदस्त तनाव है। किसान और पुलिस आमने-सामने हैं। वहीं सिंघु बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। इन सीमाओं पर सीमेंट और लोहे की बैरिकेडिंग भी की गई है।

उधर हरियाणा के अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जिंद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों के अधिकार क्षेत्र में वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, बल्क स्स्र और सभी डोंगल सेवाएं आदि 15 फरवरी तक निलंबित रहेंगी।

**गाजीपुर बॉर्डर...**

आंदोलन बंद नहीं करेंगे। वे वापस नहीं जाएंगे। सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए।

इसको देखते हुए दिल्ली पुलिस और भी ज्यादा अलर्ट हो गई है और गाजीपुर बॉर्डर को भी पूरी तरह सील कर दिया गया है. यहां भी कई लेयर में बैरिकेडिंग की गई है. हालांकि यहां सिंघु या टिकरी बॉर्डर जैसे हालात नहीं हैं. दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के नीचे का हिस्सा पूरी तरह से बंद होने पर गाजीपुर बॉर्डर पर ऑफिस जाने के समय ट्रैफिक हैवी हो गया है. गाजीपुर फ्लाईओवर पर करीब हर लेन मे पुलिस मौजूद है इसका सीधा असर दिल्ली की तरफ जाने वाले ट्रैफिक पर पड़ रहा है.

**सदरपुर में दिनदहाड़े...**

बदमाशों को दबोच लिया जबकि उनके तीन साथी मौके से फरार हो गया। छात्रा की मां ने थाना सेक्टर 39 में आरोपियों के खिलाफ अपहरण का प्रयास करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली पूनम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बेटी सदरपुर कॉलोनी में पढ़ती है। वह घर से स्कूल से प्रवेश पत्र लेने के लिए निकली थी। घर से कुछ ही दूरी पर उसे कार और बाइक पर आए कुछ युवकों ने जबरन कार में डालने का प्रयास किया। छात्रा ने युवकों का विरोध कर शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर वह तथा उसके पति मौके पर पहुंचे। पूनम का आरोप है कि कार और बाइक सवार युवकों के चंगुल से जब उन्होंने अपनी बेटी को छुड़ाने का प्रयास किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान हंगामा होता देखकर आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने दो युवकों को मौके पर ही दबोच लिया। लोगों की भीड़ इकट्ठा होती देखकर तीन युवक वैगनआर कार में बैठकर मौके से फरार हो गए।

पकड़े गए युवकों ने अपने नाम संकेत कुमार और नीरज कुमार बताए। दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में पूनम ने बताया कि पकड़े गए आरोपों के परिजन उन्हें तरह-तरह की धमकियां दे रहे हैं जिससे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पकड़े गए युवकों व उनके साथियों के खिलाफ अपहरण के प्रयास मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है। वही सदरपुर में दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोगों में भय व्याप्त है।

**किशोरी का...**

लेकिन उसका कोई पता नहीं चला थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

**टैक्सी ड्राइवर ले...**

उठी तो उसे नीरज गौतम फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सूचना मिलने पर बिसरख पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है।

वहीं गंभीर स्थिति में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराई गई शिवानी पत्नी रवि ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अकबरपुर बहरामपुर गाजियाबाद निवासी शिवानी ने अपने घर में फांसी लगा ली थी। परिजनों ने गंभीर स्थिति में उसे फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने दम तोड़ दिया।

**टारगेट पर होती थी...**

एक बाइक पर आ रहे तीन युवकों को जांच के लिए रोका। पुलिस के मांगने पर तीनों बाइक के कागजात नहीं दिखा पाए। संदेह के आधार पर की गई पूछताछ में आरोपियों के अपना नाम पिंटू पुत्र चंद्रपाल व रोहित पुत्र सुरेश निवासी ग्राम गंगाबास थाना जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर बताया। आरोपियों ने कबूल किया कि उक्त बाइक चोरी की है। दोनों वाहन चोरों ने वाहन चोरी की कई अन्य वारदातों को भी अंजाम देना स्वीकार किया। इनकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई केटीएम अपाचे, बुलेट, हीरो स्प्लेंडर तथा स्कूटी सहित 10 वाहन बरामद किए गए।

एसीपी ने बताया कि आरोपी एक ही बाइक पर सवार होकर नोएडा व दिल्ली की मार्केट तथा सेक्टर में घूमते थे। इस दौरान यह वाहनों को चिन्हित करते थे। मौका पाकर यह दो पहिया वाहनों को पलक झपकते ही चोरी कर ले जाते थे। दो पहिया वाहनों को चोरी करने के बाद यह उन्हें सेक्टर 42 के जंगल में बनी झुग्गी झोपड़ी में छुपा देते थे। कुछ समय बाद यह है ओएलएक्स के माध्यम से चोरी की बाइक सस्ते में बेंच देते थे। एसीपी के मुताबिक पकड़े गए वाहन चोर जनपद बुलंदशहर से नोएडा ग्रेटर नोएडा जाकर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे इसके लिए यह बाकायदा नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मकान किराए पर लेते थे और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद कमरा खाली कर वापस बुलंदशहर लौट जाते थे। आरोपियों ने वाहन चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।पकड़ा गया रोहित पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

**सरस आजीविका...**

के अपर सचिव चरणजीत सिंह, अपर सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने पत्रकारों को सरस मेले के संबंध में विस्तृत जानकारी दी खबर लिखी जाने तक पत्रकार वार्ता चल रही थी।

**सोनिया गांधी ने राज्यसभा...**

से अभिषेक मनु सिंघवी तथा महाराष्ट्र से चंद्रकांत हांद्रे के नाम शामिल हैं। लिस्ट जारी होने के बाद लगभग 11 बजे के करीब सोनिया गांधी राजस्थान के जयपुर में राज्यसभा के लिए नामांकन करने पहुंची। इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पार्टी नेता, प्रियंका गांधी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के साथ थे।

**भाजपा ने भी चार नाम किए घोषित**

राज्यसभा के आगामी चुनावों के लिए भाजपा ने आज मध्य प्रदेश से अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने चार उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने इस बार डॉ एल मुरुगन, उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को राज्यसभा में भेजने का फैसला किया है। मध्य प्रदेश से दो अप्रैल को पांच राज्य सभा सीटें खाली हो रही हैं। इन सीटों के लिए चुनाव 27 फरवरी को होना है। इसके लिए नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। ओडिशा से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को राज्य सभा भेजने की तैयारी है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री को ओडिशा से उम्मीदवार बनाया है।

**एअर चीफ मॉर्शल ने...**

इससे पूर्व एअर चीफ मॉर्शल वी.आर. चौधरी ने शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद आर्मी पब्लिक स्कूल में उन्होंने एक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। इसके बाद 'स्मारिका-2024' का विमोचन किया तथा आगन्तुक रजिस्टर में अपने विचार लिखकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के बाद एअर चीफ मॉर्शल की धर्मपत्नी नीता चौधरी ने 41 शहीद परिवारों से मुलाकात की तथा उन्हें उपहार भेंट किए। आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति के गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्रद्धांजलि देने वालों में शहीद स्मारक संस्थान के अध्यक्ष (रिटायर्ड) लेफ्टिनेंट जनरल जीएल बख्शी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन बख्शी, लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार, मेजर जरनल अरविंद यादव, रियर एडमिरल अरविंद रावल, एअर कोमोडोर एस. तोमर के अलावा अरूण विहार, जलवायु विहार आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, शहीद स्मारक संस्थान के मीडिया प्रभारी कमांडर नरेन्द्र महाजन, आर्मी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल व छात्र तथा पूर्व सैन्य अधिकारी व उनके परिवारीजन मौजूद थे।

**दिनदहाड़े स्कूल...**

वहीं गोली मारने युवकों की तलाश पुलिस कर रही है। थाना सूरजपुर क्षेत्र के साकीपुर में स्थित सुशील मॉडल स्कूल में पढ़ाने वाले रकीब हुसैन उर्फ रिहान पुत्र इकरार हुसैन निवासी चांदवाली मस्जिद गली थाना सूरजपुर आज सुबह स्कूल में पढ़ाने के लिए जा रहे थे। तभी साकीपुर गांव के दो लडके उनके पास आए और उनसे बातचीत करने लगे। इसी दौरान युवकों ने अवैध हथियार से टीचर रकीब पर गोली चला दी। गोली रकीब के कान के पास लगी है।

गोली मारने के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। घायल रकीब को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। टीचर को गोली क्यों मारी गयी इसको लेकर अभी वजह साफ नहीं हुई है। इस घटना को लेकर इलाके में हडम्प मच गया है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक: 2152/न0पा0परि0दा0/2023-24 — दिनांक : 12.02.2024

**-: अति अल्पकालीन आपूर्ति निविदा सूचना :-**

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) के द्वारा बिसहाडा रोड पर बनायी गयी अस्थाई गऊशाला में ठहरे गोवंशो को खाने हेतु चारे की आपूर्ति प्रति कुन्टल की दर से प्राप्त करने की निविदा दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | जमानत राशि की एफ0डी0आर0 | निविदा मूल्य | आपूर्ति करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | भूसा | प्रति कुन्टल | 20,000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | स्वीकृति दिनांक से 02 वर्ष |
| 02 | पराल कुटटी | प्रति कुन्टल | | | |
| 03 | चोकर | प्रति कुन्टल | | | |
| 04 | हरी ज्वार | प्रति कुन्टल | | | |
| 05 | हरी बरसम | प्रति कुन्टल | | | |

**नियम व शर्ते -**

1- उक्त निविदा दिनांक 13.02.2024 से दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ठेकेदारो/फर्म/व्यक्तियों से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

2- प्रत्येक निविदा के साथ उसकी निविदा शुल्क (कॉलम सं0-05 के अनुसार) नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) के संचालित खाता सं0 50100065525653, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाखा दादरी, आई0एफ0एस0सी0 कोड HDFC0000927 में जमा कर उसकी पर्ची या ट्रान्सफर रसीद निविदा के साथ जमा करानी अनिवार्य है। उक्त प्रपत्र न होने की दशा में ठेकेदार की निविदा अवैध मानी जायेगी। सम्बन्धित ठेकेदार निविदा शुल्क की पर्ची या ट्रान्सफर रसीद दिखाकर पालिका के निर्माण विभाग से निविदा फार्म दिनांक 13.02.2024 से दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 12:00 तक प्राप्त कर सकते है।

4- उपरोक्त कार्य की निविदा सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी, में रखी निविदा पेटिका में दिनांक 19.02.2024 को निर्धारित समय 02:00 बजे तक डाली जायेंगी। निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 रू0 का नानज्यूडिसियल स्टाम्प पर प्रपत्र नोटेरी कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।

5- उपरोक्त प्राप्त निविदाएँ दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे ठेकेदारों के समक्ष, सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जायेंगी। उपरोक्त निविदाओं के खोलने के समय ठेकेदार की उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि इस दिनांक को किसी कारणवश निविदा सक्षम अधिकारी की अनुपलब्धता के कारण नहीं खुल पाती हैं तो उनके उपलब्ध होने पर खोली जायेंगी।

6- पालिका द्वारा उपरोक्त आपूर्ति पर जी0एस0टी0/अन्य कर देय नही होगें।

7- कार्य से सम्बन्धित जानकारी कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

8- निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा।


9- प्रमुख सचिव उ0प्र0, शासन नगर विकास, अनुभाग-9 लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश सं0 609/नौ-9-2007ज/07 दिनांक 26.02.2007 में दिये गये नियम एवं शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**दादरी ( गौतमबुद्धनगर )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**दादरी ( गौतमबुद्धनगर )**

## 7 बार वारंट देने के बाद भी कोर्ट नहीं पहुंची जयप्रदा,अब पुलिस करेगी गिरफ्तार

रामपुर। बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में दो मामले चल रहे हैं। इनमें से एक कैमरी में और दूसरा केस थाना स्वार में चल रहा है। दोनों मामले लोकसभा चुनाव 2019 में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। इन मुकदमों में अदालत में मामले लंबित हैं, क्योंकि जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हो रही हैं। उनके खिलाफ अब 7वीं बार एनबीडब्लू (गैर जमानती) वारंट जारी किए जा चुका है। इसके वाबजूद भी वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रही हैं। रामपुर कोर्ट ने एसपी को सख्त आदेश दिए हैं। आदेश में जयाप्रदा को तलाश कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की बात कही गई है, लेकिन बीते कई महीनों से पुलिस को एक्ट्रेस की लोकेशन ही पता नहीं चल पा रही है। ऐसे में कोर्ट ने एक बार फिर एनबीडब्ल्यू जारी किया है। अब मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। जयाप्रदा को रामपुर पुलिस लंबे समय से तलाश रही है।



रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह 7वीं बार है, जब पुलिस ने एक्ट्रेस के खिलाफ वारंट जारी किया है। पुलिस उनकी तलाश प्रदेश के अलावा भी अन्य इलाकों में भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। जया प्रदा पर साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आरोप लगे. जयाप्रदा बीजेपी की टिकट पर रामपुर सीट से चुनाव लड़ रही थीं। इस दौरान उनके खिलाफ पहला मामला स्वार थाने में दर्ज हुआ। जिसमें आरोप है कि उन्होंने आचार संहित लागू होने के बावजूद नूरपुर गांव में सड़क का उद्घाटन किया। इसके अलावा दूसरा मामला केमरी थाने का है। इसमें आरोप है कि जयाप्रदा ने पिपलिया मिश्र गांव में आयोजित जनसभा में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दोनों मामलों में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

## सनी देओल, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे सांसद बहस तो दूर संसद में चूं तक नहीं करते

नई दिल्ली। संसद में मेज थपथपाना, बिल लाना, चर्चा बढ़ना, बहस करना जैसी कई गतिविधियां होती हैं, लेकिन सनी देओल और शत्रुघ्न सिन्हा जैसे सांसद बहस तो दूर की बात है वह तो चूं तक नहीं करते हैं। हालांकि इसमें कुछ नया भी नहीं है और अधिकांश सांसद सत्र में शामिल भी नजर आते हैं। अब इनमें कुछ सदस्य ऐसे भी हैं, जो बहस तो दूर की बात, बल्कि चुप्पी साधे बैठे रहते हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी से सांसद सनी देओल से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा तक का नाम शामिल है। कहा जा रहा है कि ऐसे सांसदों की संख्या करीब 9 है, जो पूरे 5 सालों के कार्यकाल के दौरान सदन को एक बार भी संबोधित नहीं कर सके। गुरदासपुर से सांसद सनी देओल का नाम भी इस सूची में है। हालांकि, असनसोल सांसद शत्रुघ्न सिन्हा कुछ मौकों पर संसद में नजर भी आए। साथ ही वह विपक्षी सांसदों की तरफ से किए जा रहे प्रदर्शनों का हिस्सा भी बने। लेकिन इस दौरान शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार भी कोई सवाल दाखिल नहीं किया। साथ ही वह अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दे को उठाने में भी असफल रहे। बता दें कि सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने वाले सांसदों में बीजापुर से भाजपा सांसद रमेश चंद्रप्पा जीगाजिनागी, बहुजन समाज पार्टी से अतुल राय, टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी और भाजपा से ही प्रधान बरुआ, बीएन बचे गौड़ा, अनंत कुमार हेगड़े और वी श्रीनिवास प्रसाद का नाम शामिल है। हालांकि अब ओम बिरला कुछ ऐसे प्रयास कर रहे हैं जिनसे इनकी चुप्पी पर विराम लगेगा। खबर है कि लोकसभा स्पीकर बनने के बाद से ही ओम बिरला ने पहली बार बने सांसदों की सूची तैयार की थी। उन्होंने सभी को कम से कम एक बार सदन में बोलने के लिए प्रेरित भी किया था। हालांकि, उनके तमाम प्रयासों के बाद भी ऐसे कई सांसद रहे जिन्होंने संसद में एक बार भी भाषण नहीं दिया।

## श्रीलंका में गिरफ्तार 18 भारतीय मछुआरे स्वदेश लौटे

चेन्नई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हाल में गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के 18 भारतीय मछुआरे मंगलवार को स्वदेश लौट आए। मछुआरे कोलंबो से विमान के जरिए यहां पहुंचे और तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मछुआरों को पिछले महीने समुद्री नियमों के उल्लंघन के आरोप में श्रीलंका की नौसेना ने गिरफ्तार किया था और वहां की जेल में बंद कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एक स्थानीय अदालत ने इस महीने की शुरुआत में उनकी रिहाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उन्हें वहां एक शिविर में रखा गया था। राज्य सरकार ने मछुआरों के लिए वाहन की व्यवस्था की थी जिसके जरिए वे सड़क मार्ग से रामनाथपुरम रवाना हुए।

## कर्नाटक : स्कूल ने कथित हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

मंगलुरु (कर्नाटक)। मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भाजपा विधायक भरत शेट्टी वाई और वेदव्यास कामथ ने इस मुद्दे को उठाया था और शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। शेट्टी ने एक बयान में कहा कि ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है और कुछ स्कूल छात्रों के बीच हिंदू विरोधी भावनाएं फैला रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं से ईसाई प्रबंधन द्वारा संचालित स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला कराने पर पुनर्विचार करने का भी आग्रह किया। आरोप है कि शिक्षिका ने छात्रों से कहा था कि महाभारत और रामायण 'काल्पनिक' हैं और उसने बच्चों में 'हिंदू विरोधी' भावनाएं पैदा करने की कोशिश की। स्कूल ने सोमवार देर रात स्कूल के अभिभावकों को संबोधित एक पत्र में कहा कि शिक्षिका को उसके पद से हटाया जा रहा है और उनके स्थान पर एक नए शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस का बड़ा ऐक्शन, पंजाब के 2 मजदूरों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक आतंकवादी की गिरफ्तारी के साथ श्रीनगर में प्रवासी श्रमिकों की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि पिछले हफ्ते श्रीनगर में पंजाब के दो प्रवासी मजदूरों की हत्या करने वाले आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में इस्तेमाल हथियार पिस्तौल भी बरामद कर लिया गया है। पंजाब के दो गैर-स्थानीय निवासियों को 7 फरवरी को श्रीनगर के शाल कदल इलाके में गोली मार दी गई थी। एक अमृतपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे रोहित मासी को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। 7 फरवरी की घटना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा वर्ष की पहली लक्षित हत्या थी और इसकी जिम्मेदारी प्रतिबंधित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' ने ली थी, जो पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का एक छाया समूह है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आईजीपी कश्मीर वीके बर्डी ने कहा कि लंगू सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के संपर्क में था और उसे श्रीनगर में कुछ आतंकी हमले करने का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पुलिस ने तकनीकी और क्षेत्रीय विश्लेषण के आधार पर कुछ संदिग्धों पर ध्यान केंद्रित किया। जांच के दौरान एकत्र किए गए ठोस सबूतों के आधार पर, मुख्य आरोपी श्रीनगर के ज़ल्डागर निवासी आदिल मंजूर लंगू की पहचान की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी को पाकिस्तान के एक हैंडलर ने 'श्रीनगर में कुछ आतंकी हमले करने का निर्देश दिया था।' हैंडलर ने उसे हथियार मुहैया कराया। पुलिस ने आगे कहा कि आरोपी बेहद प्रेरित और कट्टरपंथी व्यक्ति था। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान में उसके हैंडलर ने सोशल मीडिया पर उसे कट्टरपंथी बनाया और आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया। साजिश को आगे बढ़ाने के लिए, हैंडलर ने उसे हथियार उपलब्ध कराया जिसके बाद उसने उसे हमले को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया।

## 'जब विपक्ष कमजोर होता है तो देश में तानाशाहों का जन्म होता है', राकेश टिकैत का मोदी सरकार पर निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसानों के प्रदर्शन के बीच किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि जब देश का विपक्ष कमजोर होता है तो देश में तानाशाहों का जन्म होता है। सब राजनीतिक पार्टीयां एक हैं। सत्ता वाले भी और विपक्ष वाले भी। उन्होंने कहा कि ये अपनी सरकार बचाएं... जब देश का राजा ही ये कह रहा है कि हम 400 सीट जीतेंगे तो फिर देश में चुनाव की जरूरत कहां रह गई?... आप इसी चुनाव का नवीकरण कर लीजिए। आप क्यों देश को पागल बना रहे हैं?

राकेश टिकैत ने कहा कि देश में बड़ी पूंजीवाद कंपनिया हैं... उन्होंने एक राजनीतिक पार्टी बना ली है और इस देश पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में दिक्कते आएंगी ही... अगर उनके (किसान) साथ कोई अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनके लिए कोई दिक्कत पैदा की तो ना वो किसान हमसे ज्यादा दूर हैं और ना दिल्ली हमसे ज्यादा दूर है। हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के समीप शंभू में पंजाब से लगती सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश करने वाले किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को शंभू सीमा के समीप हिरासत में भी लिया गया है।



अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया।

## आतंकी पन्नू का बयान, मोदी हाउस पर खालिस्तानी झंडा लगाओ

नई दिल्ली। किसानों के आंदोलन के बावजूद आतंकी पन्नू ने उकसाने बाला बयान जारी किया है। उसने वीडियो में कहा कि मोदी हाउस पर खालिस्तानी झंडा लगाओ। बता दें कि पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से किसानों के राजधानी तक मार्च को रोकने के लिए की गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के कारण मंगलवार को दिल्ली में यातायात अराजकता फैल गई। अधिकारियों ने आंदोलन और सार्वजनिक समारोहों को प्रतिबंधित करने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी। वहीं किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान की आड़ में मोस्ट वांटेड टेररिस्ट गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वार फिर भड़काऊ विडियो जारी किया है। जबकि विडियो का संज्ञान लेते हुए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। अंदेशा है कि किसान आंदोलन की आड़ लेकर देश विरोधी तत्व माहौल खराव करने की कोशिश करेंगे। हालांकि पुलिस को शरारती तत्वों के साथ खासकर सीएए-एनआरसी प्रोटेस्ट के दौरान सक्रिय रहे संदिग्धों पर शिकंजा कसने को कहा गया है। वहीं प्रतिबंधित आतंकी संगठन एसएफजे चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने विडियो में 13 फरवरी को देश विरोध तत्वों को दिल्ली फतह करने के साथ ही आपत्तिजनक बातें कहीं हैं। खुफिया रिपोर्ट के मुताविक 10 से 15 हजार किसान अपने 1000 ट्रैक्टर के साथ दिल्ली की तरफ कूच करने की बात कही गई। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए पुलिस के आला अफसरों ने हर थाना एरिया में पांच से छह टायर किलर तैयार रखने को कहा है।

## 'किसानों पर गोलों की बौछार, ये कैसा अमृतकाल...', अखिलेश-ममता का भाजपा सरकार पर बड़ा वार

**मुंबई (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने किसान आंदोलन को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि किसानों के मार्च को रोकने के लिए आंसूगैस का इस्तेमाल, और (सीमाओं पर) कीलें और बैरिकेड्स लगाना, सब कुछ किया जा रहा है। (केंद्र) सरकार किसानों की आवाज दबाना चाहती है। ये (केंद्र) के वही लोग हैं जिन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने, फसल दर और एमएसपी लागू करने का वादा किया था। इससे अलावा उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि भाजपा राज में ये है भला कैसा अमृतकाल। किसानों पर आँसू गैस के गोलों की बौछार। धिक्कार! धिक्कार!! धिक्कार!!!

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा में प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले दागने की निंदा करते हुए इसे कृषकों पर 'भाजपा का बर्बर हमला' करार दिया। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'जब अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ने पर किसानों पर आंसू गैस के गोलों से हमला किया जाएगा तो हमारा देश कैसे तरक्की कर सकता है? मैं भाजपा द्वारा हमारे किसानों पर बर्बर हमले की कड़ी निंदा करती हूं।' उन्होंने कहा, 'उनके विरोध को दबाने के बजाय, भाजपा को अपने बढ़े हुए अहंकार, सत्ता की भूख की महत्वाकांक्षाओं और



निष्प्रभावी शासन को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिसने हमारे देश को नुकसान पहुंचाया है।'

किसानों के 'दिल्ली चलो' विरोध मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने मंगलवार को अंबाला में शंभू बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। कुछ किसानों ने ट्रैक्टर की मदद से सीमेंट के अवरोधक हटाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा बैरिकेड से दूर रहने की अपील के बावजूद, कई युवा पीछे नहीं हटे और बैरिकेड के ऊपर खड़े रहे। उन्होंने बताया कि जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने लोहे का बैरिकेड तोड़ दिया और उसे घग्गर नदी के पुल से नीचे फेंकने की कोशिश की, तो पुलिस ने आंसू गैस के कई गोले छोड़े।

## गोपालगंज में एआईएमआईएम नेता की गोली मारकर हत्या, लड़ चुके थे चुनाव, नीतीश पर भड़के ओवैसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के गोपालगंज जिले में सोमवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता अब्दुल सलाम की गोली मारकर हत्या कर दी। सलाम दिसंबर के बाद से बिहार में मारे जाने वाले दूसरे एआईएमआईएम नेता हैं। सलाम, जिन्होंने नवंबर 2022 में गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव लड़ा था, असफल रहे, ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे, जब दो मोटरसाइकिलों पर चार हमलावरों ने उन पर गोलीबारी की, क्योंकि वह एक रिश्तेदार के साथ पीछे बैठे थे। पुलिस ने कहा कि सलाम को अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना की। औवैसी ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में हमारे सीवान जिला अध्यक्ष आरिफ जमाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. नीतीश कुमार, जब कुर्सी बचाने की होड़ पूरी हो जाए तो कुछ काम कीजिए। हमारे नेता ही निशाने पर क्यों? क्या उनके परिवारों को न्याय मिलेगा? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने तोहफा दिया। गोपालगंज में हमारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता अब्दुल सलाम की हत्या कर दी गई है... सिवान में भी दो महीने पहले हमारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की हत्या कर दी गई थी। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि नीतीश कुमार के शासन में कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। वहां राजद नहीं बल्कि भाजपा है लेकिन कानून एवं व्यवस्था का मुद्दा अभी भी जारी है। दुर्भाग्य से, सरकार द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है... जिम्मेदारी सरकार की है। एआईएमआईएम के बिहार प्रवक्ता आदिल हसन आज़ाद ने सलाम को राजनीतिक रूप से अपनी पहचान बनाने वाला एक गैर-विवादास्पद और ईमानदार नेता बताया।

## सीएम एन बीरेन सिंह का बड़ा बयान, बोले- 1961 के बाद मणिपुर में बसने वालों को निकालेंगे बाहर

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि 1961 के बाद राज्य में आने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान की जाएगी और उसे निर्वासित किया जाएगा, चाहे वह किसी भी जाति या समुदाय का हो। आपको बता दें कि पड़ोसी देशों से चिन कुकी जनजाति के अवैध अप्रवासी भी राज्य में उचित दस्तावेजों के बिना रह रहे हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा जारी एक बयान में, बीरेन सिंह ने कहा कि 1961 के बाद दुनिया के अन्य हिस्सों से राज्य में आने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान की जाएगी और उसे निर्वासित किया जाएगा।

सीएम सिंह ने कहा कि मणिपुर की मूल आबादी का पता लगाने और अवैध प्रवासियों का पता लगाने के लिए जनसंख्या आयोग का गठन किया गया है। जनसंख्या आयोग के सदस्य आईएलपी और 1961 को आधार वर्ष मानकर घर-घर जाकर जनसंख्या सर्वेक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की दो श्रेणियां होंगी-स्वदेशी और स्थायी निवासी। जो लोग 1961 से पहले मणिपुर आए, उन्हें स्थायी निवासी माना जाएगा। जो लोग 1961 के बाद आये, उन्हें स्थायी निवासी नहीं माना जायेगा।

राज्य सरकार ने राज्य में विभिन्न परमिटों को पंजीकृत करने, डेटा संग्रह, ट्रैकिंग और आईएलपी की निगरानी के लिए आईएलपी पोर्टल भी लॉन्च किया। आईएलपी एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज है जो राज्य सरकार द्वारा एक विशिष्ट अवधि के लिए मणिपुर जाने वाले भारतीय नागरिक की आंतरिक यात्रा की अनुमति देने के लिए जारी किया जाता है। एन बीरेन सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में पोस्त की अवैध खेती को खत्म करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सचिवालय में बृहस्पतिवार को इस खतरे को खत्म करने के उपायों और नई रणनीतियों पर विचार-विमर्श के लिए एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

## अमेठी, रायबरेली और वाराणसी में राहुल के साथ यात्रा में शामिल होंगी प्रियंका गांधी

**लखनऊ (एजेंसी)।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर, इंफाल से शुरू होकर नागालैंड, आसाम, अरुणचाल,पश्चिम बंगाल, विहार,झारखण्ड व अन्य राज्य होते हुए देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी।जहां कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। गौरीगंज के बाबूगंज में राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे। न्याययात्रा तेंदुआ में रात्रि विश्राम करेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी करने का दावा किया गया है। अमेठी के अलावा प्रियंका गांधी वाराणसी और रायबरेली के कार्यक्रमों में भी रह सकती हैं। वाराणसी में राहुल गांधी काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे तो वहीं रायबरेली में एक बड़ी जनसभा का आयोजन होना है।

प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र ने न्याय यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा और मार्ग की जानकारी दी। बताया कि राहुल गांधी अठेहा से अमेठी कस्बा, सगरा तिराहा, बरामासी, ताला, टिकरिया बाईपास के रास्ते स्टेट बैंक, वी मार्ट, गौरीगंज कस्बा होते हुए बाबूगंज (निकट टोल प्लाजा) पहुचेंगी। यहां पर जनसभा होगी। इसके बाद तेदुआ में यात्रा रात्रि विश्राम करके 20 फरवरी को रायबरेली के लिए रवाना होगी। राहुल



गांधी की न्याय यात्रा 16 फरवरी को चंदौली से प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी और पड़ाव में रात्रि विश्राम करेगी। अगले दिन 17 को वाराणसी के गोलगड्डा मंदिर मार्ग से यात्रा शुरू होगी। इसी दिन प्रियंका गांधी के भी यात्रा में शामिल होने की उम्मीद है। इसके बाद यह यात्रा भदोही, प्रतापगढ़ होते हुए 19 को अमेठी पहुंचेगी। 20 को फुर्सतगंज से यात्रा शुरू होगी, फिर रायबरेली होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। इन दोनों दिन भी प्रियंका गांधी उपस्थित रह सकती हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि प्रियंका गांधी से यूपी की पूरी यात्रा में मौजूद रहने की अपील की गई है। फिलहाल अभी एक से दो दिन उनकी मौजूदगी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि दोनों नेताओं के मद्देनजर स्थानीय स्तर पर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक में रायबरेली सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। कहा कि यात्रा मणिपुर, इंफाल से शुरू होकर नागालैंड, आसाम, अरुणचाल,पश्चिम बंगाल, विहार,झारखण्ड व अन्य राज्य होते हुए देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। कहा कि अमेठी गांधी परिवार की कर्मभूमि है। ऐसे में सभी की निगाहें अमेठी में यात्रा के पहुंचने के बाद सफलता पर टिकी है। पूर्व मंत्री व प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि अमेठी में यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। संगठन प्रभारी मकसूद खान ने कहा संपूर्ण देश की निगाहें न्याय यात्रा को लेकर अमेठी की ओर है। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के हर घर पर जाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश दें। बैठक में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, अनिल सिंह, आशीष शुक्ल, डॉ अरविंद चतुर्वेदी, सेवादल,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस,छात्र संगठन,अल्पसंख्यक सहित अन्य फ्रंटल संगठनों ने समेत सभी 17 ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे।

## पहाड़ों से उतरेगी ठंड, मैदानी इलाकों में होगी बारिश, यूपी, एमपी और बिहार सहित कई राज्यों में गिरेंगे ओले

**कोलकाता (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक जहां शीतलहर और कोहरे की मार से लोग परेशान थे। वहीं, अब जाती हुई ठंड लोगों को और भी सताने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर कई पहाड़ी इलाकों में बारिश के आसार हैं। उत्तरप्रदेश-बिहार सहित कई राज्यों के मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है कि मंगलवार को कई राज्य में बारिश और छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है। सर्द हवाओं और कड़ाके की सर्दी के बाद एक बार फिर ठिठुरन वाली ठंड आपको सता सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों से लेकर उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम ने उत्तर प्रदेश-बिहार और मध्य प्रदेश में छिटपुट ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है। इसके अलावा अन्य राज्यों में भी बारिश और ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी दी है।

उत्तराखंड के मौसम में बदलाव देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने आज यानी मंगलवार को चोटियों पर हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं आसपास के क्षेत्रो में हल्की बारिश हो सकती है। जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में 3,500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर कई अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, आंधी-बिजली और तेज हवाओं के साथ 14 फरवरी को बिहार में बारिश हो सकती है। बिहार के अलावा, 14 फरवरी को गंगीय पश्चिम बंगाल में रहेगी। वहीं ओडिशा में 15 और 16 फरवरी को, उत्तर प्रदेश में 14 फरवरी के दौरान बारिश का अनुमान है।

राजधानी दिल्ली में सुबह हल्का कोहरा रहा। सर्द हवाओं के साथ बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार व बुधवार को दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इसके अलावा दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश में छिटपुट ओलावृष्टि भी संभव है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की भी संभवाना जताई है। तमिलनाडु में हल्की बारिश संभव है।





# सब्जियों को खाने और पकाने का सही तरीका जानते हैं आप?

ताजे फल व सजियों को भोजन में शामिल करने के साथ ही यह जानना भी आवश्यक है कि उन्हें पकाने व खाने का सही तरीका या है....

तनाव भरे माहौल, अव्यवस्थित जीवनशैली व बढ़ती बीमारियों के बीच स्वयं को सेहतमंद रखना चुनौती है। इसके लिए खानपान पर ध्यान देना है बेहद जरूरी। इस लिहाज से ताजे फल व सब्जियों को भोजन में शामिल करने के साथ ही यह जानना भी आवश्यक है कि उन्हें पकाने व खाने का सही तरीका क्या है, जिससे मिल सकें उनमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों का अधिकतम लाभ...

## बड़े पीस होते बेहतर

जब सलाद के लिए फल व सब्जियां काटें तो छोटे-छोटे टुकड़े करने के बजाय बड़े पीस करना बेहतर रहता है। इस तरह उनमें मौजूद विटामिन्स बर्बाद नहीं होते। छोटे पीस करने से खाद्य पदार्थ में मौजूद पोषक तत्व जब हवा के संपर्क में आते हैं तो उनका प्रभाव कम होने लगता है। बेहतर होगा कि उन्हें छोटे क्यूब्स में काटने के बजाय लंबाई में काटें। यही नहीं सब्जियां उबालने पर उनमें मौजूद विटामिन सी, बी-1, फोलेट इत्यादि पोषक तत्व पानी में घुल जाते हैं, इसलिए उन्हें भी बड़े पीस में काटना बेहतर रहता है। अच्छा होगा कि सब्जियां उबालने के बाद उसका जो पानी बचता है, उसे सूप स्टाक के रूप में प्रयोग करें।

## दिल के लिए अच्छा टमाटर



एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर टमाटर में लाइकोपीन नामक पोषक तत्व पाया जाता है। विभिन्नअध्ययनों से यह जाहिर हुआ है कि जब टमाटर को पकाते हैं तो उसमें कुछ केमिकल बदलाव होते हैं और उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व का स्तर बढ़ जाता है, जो हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। ग्रिल्ड टमाटर पर नमक व कालीमिर्च पाउडर डालकर खाने का आइडिया हेल्दी और टेस्टी है।

## लहसुन के फायदे



लहसुन में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कैंसर से लडने में मददगार हैं। इसका सेवन दिल की बीमारियों को दूर रखने व ब्लड प्रेशर संतुलित रखने के लिहाज से भी लाभकारी है। हालांकि तेज आंच के संपर्क में आने पर इसमें पाए जाने वाला सबसे अहम् पोषक तत्व लाइनेस एंजाइम नष्ट होने लगता है। विशेषज्ञों के अनुसार लहसुन के अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए उसकी कलियों को छीलने व काटने के बाद कम से कम 10-15 मिनट तक यूं ही रखा रहने दें। ऐसा करने से लहसुन में ऐसे तत्व उत्पन्न हो जाते हैं, जो तेज आंच में डाले जाने पर भी उसकेपोषक तत्व नष्ट नहीं होने देते। इसलिए जब अ÷ली बार खाना पकाएं तो इसका ख्याल रखें कि लहसुन के पोषक तत्व नष्ट न होने पाएं।

## लोहे के बर्तनों का प्रयोग

जब आयरन रिच सब्जियां जैसे पालक इत्यादि को पकाना हो तो लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल बेहतर रहता है। इससे खाद्य पदार्थ में आयरन की मात्रा बढ़ जाती है जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जब हरी पत्तेदार सब्जियां पकानी हो तो उन्हें धीमी आंच पर पकाना बेहतर रहता है, ताकि उनके पोषक तत्व बरकरार रह सकें।



# कहीं लिवर तो नहीं हो रहा खराब!




लिवर शरीर का वर्कहाउस है। यह भोजन में मौजूद वसा और कार्बोहाइड्रेट को सुपाच्य बनाता है। यह नेचुरल फिल्टर है, जो विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। शरीर के लिए उपयोगी प्रोटीन यहां बनता है और पाचन के लिए उपयोगी पि का स्राव भी लिवर में ही होता है। चूंकि लिवर एक साथ कई काम करता है, इसलिए इसमें गड़बड़ी आने पर कई परेशानियां खड़ी हो जाती हैं।

आमतौर पर माना जाता है कि अगर आप शराब नहीं पीते तो लिवर सही रहता है। पर यह पूरा सच नहीं है। हमारी रोजमर्रा की जीवनशैली और खान-पान से जुड़ी कई बातें लिवर को नुकसान पहुंचाती हैं।

## लिवर से संबंधित समस्याएं

यह पांच प्रकार की होती हैं, जिन्हें ए, बी, सी, डी, ई कहते हैं। ए और ई को आम भाषा में जॉन्डिस या पीलिया के नाम से जाना जाता है। पीलिया दूषित जल पीने की वजह से होता है। बी, सी व डी इन्फेक्शन से होने वाली बीमारी है, जिसका लिवर पर गहरा असर पड़ता है। यदि लक्षण पहचानने में देर होती है तो लिवर के फेल होने का खतरा रहता है। इसे क्रॉनिक हेपेटाइटिस कहते हैं। इसके अलावा ऑटोइम्यून डिसॉर्डर है, जो आमतौर पर औरतों को होता है। इसमें शरीर का तंत्रिका-तंत्र ही शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है।

जॉन्डिस या पीलिया, लिवर कैंसर व हेपेटाइटिस प्रमुख रूप से लिवर के रोग हैं। लिवर से जुड़ी बहुत सी समस्याएं गंदगी की वजह से होती हैं। हेपेटाइटिस ए और ई दूषित

खाने और पानी की वजह से होता है। हेपेटाइटिस बी, सी व डी असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित खून की वजह से होने वाले रोग हैं। अधिक शराब लिवर व पेन्क्रियाज को निशाना बनाती है। लिवर के रोगों से जुड़ी समस्याओं में लिवर सिरोसिस प्रमुख है। एक बार समस्या शुरू होने पर शराब व धूम्रपान न छोड़ना लिवर ट्रांसप्लांट की नौबत ला सकता है।



यह समझने में अकसर देर हो जाती है कि लिवर में कुछ गड़बड़ी आ रही है। केवल एल्कोहल ही लिवर का दुश्मन नहीं है, खराब जीवनशैली और जंक फूड भी इसे अपना शिकार बना रहे हैं।

## इन संकेतों की न करें अनदेखी

- त्वचा, नाखून और आंखों का पीलापन। ऐसा पित्त की अधिकता के कारण होता है, जिस कारण पेशाब में भी पीलापन नजर आता है।
- लिवर में खराबी होने पर बाइल (पित्त ) एंजाइम मुंह तक आ जाता है, जिससे मुंह कड़वा रहने लगता है।
- हर समय घबराहट व उल्टी की शिकायत रहती है। ऐसा शरीर में बनने वाले पित्त के कारण होता है।
- पेट में सूजन व हर समय भारीपन का एहसास होना।
- हर समय आलस महसूस होना, किसी काम में मन न लगना और हर समय नींद आना।
- हर समय असमंजस में रहना, चीजों को भूलना।

## नमक भी नुकसानदेह

नमक केवल उच्च रक्तचाप का कारण नहीं होता। यह लिवर को भी हानि पहुंचाता है। यूएस में चूहों पर एक सर्वेक्षण किया गया, जिसमें ज्यादा नमक खाने पर लिवर में कई सारे बदलाव देखे गए। मसलन कोशिकाओं का प्रसार न होना। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि ज्यादा नमक खाने के कारण नए सेल पनपने से पहले ही खत्म हो गये। इससे ही लिवर फाइब्रोसिस की समस्या हो जाती है। शोध में अधिक नमक के असर को कम करने के लिए विटामिन सी लेने पर जोर दिया गया है।

## मोटापा है समस्या

मिलान यूनिवर्सिटी में 323 मरीजों पर किये गये एक शोध में पाया गया है कि जिनके शरीर का निचला हिस्सा भारी होता है, वे आमतौर पर नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज से पीड़ित होते हैं। एनएएफएसडी एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लिवर मोटा हो जाता है। जिन लोगों की कमर का नाप 36 से 40 इंच के करीब था, उनमें फैटी लिवर के मामले अधिक पाए गए।

## ज्यादा देर बैठना है खतरनाक

देर तक एक ही जगह बैठे रहने की वजह से नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर का खतरा बढ़ जाता है। साउथ कोरिया में एक जगह ज्यादा देर तक बैठे रहने वाले 1,40,000 लोगों पर हुए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी। इसमें 40,000 लोग लिवर की समस्या से ग्रसित पाये गये। ब्रिटेन यूके की न्यू कैसले यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइकल आई टर्नेल के अनुसार हमारे शरीर की बनावट ऐसी है कि उसे स्वस्थ रखने के लिए सक्रिय रहना जरूरी है। अगर मूवमेंट्स कम हैं तो लिवर की सेहत बिगड़ने लगती है।

## सुधारें जीवनचर्या

- शराब न पिएं। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित शराब पीने वाले एक चौथाई लोग लिवर की परेशानियों से पीड़ित होते हैं। धूम्रपान भी नुकसानदेह है।
- खुद से दवाएं न लें। गलत दवाओं का असर लिवर पर पड़ता है। खुद आईब्रूफेन, एस्पिरिन जैसी दवाएं न लें।
- फैटी लिवर की समस्या मोटापे से जुड़ी है। वजन को नियंत्रित रखें। नियमित व्यायाम करें और अपने आहार से उन चीजों को दूर करें, जिनसे मोटापा बढ़ता है।
- बहुत ज्यादा नमक और चीनी का सेवन ना करें।

## 35 के बाद कराएं जांच

- 35 के बाद एक बार लिवर फंक्शन टैस्ट करा लेना चाहिए। लिवर में एलानाइन और एसपारटेट एंजाइम्स का बढ़ा सीरम स्तर लिवर गड़बड़ी का संकेत देता है।
- हेपेटाइटिस ए और बी की वैक्सीन की पूरी खुराक लें।

हेपेटाइटिस सी और ई की वैक्सीन अभी तक उपलब्ध नहीं है, इससे बचने के लिए सावधानी रखना ही बेहतर है।

# अच्छी सेहत के लिए नींबू-शहद

इस बात से आप वाकिफ होंगे कि सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। नींबू के रस के साथ शहद लेना कई दृष्टि से सेहत के लिए लाभप्रद है...



## हाजमा सुधारे-

अच्छे पाचन के लिए सुबह गर्म पानी में शहद और नींबू मिलाकर पीना चाहिए। यह पेट को साफ करने में मदद करता है। यह लिवर में रस के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाता है। इस कारण पाचन में मदद मिलती है। नींबू में मौजूद एसिड आपके पाचन तंत्र में मदद करते हैं। वहीं शहद एक एंटीबैक्टीरियल के रूप में कार्य करता है और आपके शरीर में मौजूद किसी भी तरह के संक्रमण को दूर करने में मदद करता है।

## कब्ज दूर करे

नींबू व शहद का मिश्रण कब्ज दूर करता है। यह पेट साफ करने में मदद करता है।

## अन्य लाभ

नींबू के रस और शहद को गुनगुने पानी के साथ लेने से सांसों की बदबू को दूर करने में मदद मिलती है। नींबू लार ग्रंथियों को सक्रिय कर जीवाणुओं को मार कर मुंह शुद्ध करने में मदद करता है।

## वजन घटाने में मददगार

शहद और नींबू के साथ गर्म पानी लेने से भूख कम लगती है। शहद और नींबू के साथ गर्म पानी में बड़ी मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो भूख की इच्छा और शु÷र का स्तर को कम करके पर्याप्त ऊर्जा प्रदान करता है। दिन की शुरुआत गुनगुने पानी के साथ शहद और नींबू के साथ करने से आपका वजन कम हो सकता है।

recipe

# नाश्ते के लिये झटपट तैयार करें राजस्थानी दाल पूड़ी



**4 लोगों के लिए**

**सामग्री -** पूड़ी के लिये गेहूं का आटा - 400 ग्राम (2 कप), दही - 2 टेबल स्पून, अजवायन, नमक - स्वादानुसार तेल - 1 टेबल स्पून दाल की पिठ्ठी के लिये- मूंग दाल - 150 ग्राम, हरी मिर्च - हरा धनिया - आधी छोटी कटोरी (साफ करके मोटा-मोटा काट लें) अदरक - 1 इंच लंबा टुकड़ा, धनिया पाउडर - 1 छोटी चम्मच, नमक - स्वादानुसार (आधी छोटी चम्मच) तेल-पूड़ी तलने के लिये

**विधि-**

दाल- पूड़ी बनाने के लिये सबसे पहले मूंग दाल को साफ करके अच्छी तरह से धो लीजिये और उसके बाद 2 घंटे के लिये पानी में भिगो कर रख दीजिये। 2 घंटे बाद दाल से पानी निथार कर उसे 1-2 बार और धो लीजिये और फिर मिक्सर में यह दाल, हरी मिर्च, हरा धनिया व अदरक डालकर बिना पानी मिलाए या बहुत ही कम पानी मिलाए बारीक पीस लीजिये। अब इस दाल के पेस्ट में धनिया पाउडर व नमक मिला कर रख दीजिये और तक तक आटा गूथ लीजिए।

आटा गूथने के लिये एक बर्तन में आटा छान कर उसमें दही, अजवायन, नमक व तेल मिलाइये और गुनगुने पानी से नरम आटा गूथ कर आधे घंटे के लिये ढककर रख दीजिये ताकि आटा अच्छे से सैट हो जाए। अब आटे में से थोड़ा सा आटा लेकर उसकी लोई बनाइये और उसे पूड़ी जितना बेल कर उसके ऊपर एक या डेढ छोटी चम्मच दाल का पेस्ट फैला दीजिए।

कढ़ाई में तेल गर्म कीजिये (तेल कितना गर्म हुआ है य ह जानने के लिये आटे से थोड़ा सा आटा निकाल कर हाथ से दबाकर गरम तेल में डालिये और यदि आटा जल्दी से कढ़ाई के तले पर उठकर व फूलकर तैरने लगे तो समझिये कि आपका तेल पूड़ी तलने के लिये तैयार है) और दाल वाली सतह को नीचे की तरफ रखते हुए दाल पूड़ी को तेल में डाल दीजिये। जब पूड़ी की दाल वाली सतह हल्की ब्राउन हो जाए और पूड़ी फूल जाए तो उसे पलट कर दूसरी तरफ से भी ब्राउन होने तक तल लीजिये। सभी पूड़ियां इसी तरह तल कर पेपर नैपकिन लगी प्लेट में निकाल लीजिए।

राजस्थानी दाल पूड़ी तैयार है। अब इसे अलग प्लेट में निकाल कर गरमा गरम आलू मटर की सब्जी, मटर पनीर की सब्जी या अपनी पसंद की किसी भी सब्जी के साथ परोस कर खाने का मजा ले।

# नाश्ते में बनाये गर्मागर्म बेसनी कचौड़ी



**8 लोगों के लिए**

**सामग्री -**

600 ग्राम मैदा, 250 ग्राम बेसन, एक चम्मच लाल मिर्च, एक चुटकी हींग, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए घी।

**विधि -**

500 ग्राम मैदा रोटी के आटे की तरह गूंध लें। बेसन में नमक, हींग, मिर्च डालकर मैदा की तरह गूंध लें।

मैदा की लोई बनाकर इसमें बेसन कचौड़ी की तरह भर लें। टिकिया को बची मैदा का पलोथन अच्छी तरह लगा-लगाकर पतली बेल लें। जितनी पतली बेलेंगी उतनी ही अच्छी होगी।

कड़ाही में घी खूब गर्म करके उसमें कचौड़ी डालें। डालते ही यह फूल जाएगी। यदि कुछ कम फूले तो उलटने से फूल जाएगी। अच्छी तरह सिकजाए तो उसे घी से निकाल लें। इसे अचार के साथ सर्व करें। यह कचौड़ी आठ दिन तक खराब नहीं होती।

## खास खबर

### टेस्ट क्रिकेटर डीके गायकवाड़ का निधन

**वडोदरा :** भारत के उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर दत्ताजीराव कृष्णराव गायकवाड़ का मंगलवार को गुजरात के वडोदरा में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। गायकवाड़ के परिवार में उनके बेटे अंशुमन गायकवाड़ भारत क्रिकेट टीम के सदस्य और बाद में कोच के रुप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



बड़ौदा के शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले गायकवाड़ ने तत्कालीन बड़ौदा राज्य के महारानी चिमनाबाई हाई स्कूल में पढ़ाई की थी। गायकवाड़ के नेतृत्व में बड़ौदा की टीम ने 1957-58 में सर्विसेज को पारी और 51 रनों से हरा कर रणजी ट्रॉफी पर कब्जा किया था। गायकवाड़ 1948 में भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान सीके नायडू द्वारा शुरू किए गए पहले अंडर -14 और अंडर -16 क्रिकेट टूर्नामेंट का हिस्सा थे। उन्होने सीके नायडू के भाई सीएस नायडू से लेग स्पिन और गुगली गेंदबाजी के गुर सीखे थे। गायकवाड़ ने 1948 में बॉम्बे यूनिवर्सिटी (एकीकृत प्रांत के हिस्से के रूप में) के लिए रणजी में पदार्पण करने के बाद 1952 और 1961 के बीच 11 टेस्ट मैच खेले। बाद में 2000 तक बड़ौदा रणजी टीम को भी कोचिंग दी। गायकवाड़ ने संयुक्त सचिव के रूप में भी काम किया था। अक्टूबर 2020 में डी के गायकवाड़ के 92वें जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए डाक विभाग ने एक स्मारक कवर जारी किया था।

### कश्मीर के बल्ला निर्माताओं की विलो वृक्षारोपण की अपील

**श्रीनगर :** कश्मीर में बैट निर्माताओं ने उद्योग को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर विलो वृक्षारोपण (बेंत की तरह पतली लचकदार डाली वाला पेड़) शुरू करने की सरकार से गुजारिश की है। हाल के कुछ वर्षों में लागत प्रभावशीलता के चलते कश्मीर में क्रिकेट के बल्ले की मांग में वृद्धि हुई है। कश्मीर के क्रिकेट बैट निर्माताओं ने कहा कि पिछले 30 वर्षों में सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर विलो पेड़ों का कोई रोपण नहीं हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति घट रही है। बैट निर्माताओं ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से, हम आपूर्ति की कमी से जूझ रहे हैं, और हमें डर है कि इसके कारण हमें अपना कारोबार बंद करना पड़ सकता है। यह उद्योग लगभग डेढ़ लाख श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से 70 प्रतिशत मेरठ, उत्तर प्रदेश और पंजाब से और 30 प्रतिशत कश्मीर से हैं और इस उद्योग से 300 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। बैट निर्माताओं ने सरकार को पत्र लिख कर कहा कि हमारे पास लगभग नौ हजार 150 हेक्टेयर आर्द्रभूमि उपलब्ध है जिसका उपयोग केवल विलो पेड़ों के रोपण के लिए किया जा सकता है, क्योंकि आर्द्रभूमि में विलो के अलावा कोई अन्य पेड़ नहीं उगता है। यदि कनाडा और पाकिस्तान की तरह कश्मीर में भी बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान शुरू किया जाता है, तो जम्मू और कश्मीर कच्चे माल के भंडार में आत्मनिर्भर हो जाएगा और इससे उद्योग को सदियों तक जीवित रहने में मदद मिलेगी।

### एसयूएफसी ने पुणे में खोले प्रशिक्षण केंद्र

**पुणे :** बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अपनी अकादमी के विस्तार करने की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंद्री में तीन अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को उनकी फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड अपने प्रशिक्षण केंद्रों पर तीन कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास कार्यक्रम (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर-13, अंडर-15, और अंडर-17) शामिल होंगी। जिसमें प्रतिभाशाली एथलीटों को क्लब से पूरी छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे सीनियर टीम के लिए रास्ता खुलता है। अकादमी आने वाले दिनों में आगामी प्रतिभाओं का चयन करने और उन्हें कार्यक्रम में शामिल करने के लिए बावधन केंद्र में अंडर-13, अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग श्रेणियों में एलीट कार्यक्रम के लिए परीक्षण आयोजित करेगी।

### सीआइएसएफ और वायुसेना का मुकाबला बराबरी पर छूटा

**नई दिल्ली :** प्लेयर ऑफ द मैच गोल कीपर तरनजीत सिंह के शानदार खेल की बदौलत सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने इंडियन एयरफोर्स को 2- 2 की बराबरी पर रोक कर डीएसए प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में अंक बांट लिए। यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर खेले गए मुकाबले में सीआईएसएफ के लिए वासू कनोजिया और मनिंदर नेगी ने गोल किए जबकि एयरफोर्स के लिए अशोक और जीनिश विनय ने गोल दागे। हालांकि दोनों टीमें खिताबी दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी हैं लेकिन खिलाड़ियों ने रफ टफ खेल से एक दूसरे पर दबाव बनाया जिसके चलते सीआईएसएफ के रक्षक भोला सिंह को रेफरी मनीष वशिष्ठ ने लाल कार्ड दिखाया। दस खिलाड़ियों के बावजूद सीआईएसएफ ने कई अच्छे मौके बनाए और बिगाड़े। एयरफोर्स के दोनो गोल रिजर्व टाइम में आए जबकि अशोक और जीनीश ने रक्षापंक्ति को छकाते हुए गोल किए। सीआइएसएफ के मनिंदर का गोल दर्शनीय रहा। आज सुदेवा एफसी का रॉयल रेंजर्स से और वाटिका का गढ़वाल एफसी से मुकाबला होगा।

### स्वार्ट अर्धशतक बनाकर नाबाद, स्टंप्स तक अफ्रीका का स्कोर 220 रन

**हैमिल्टन :** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला हैमिल्टन में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका ने दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट के नुकसान 220 रन बना लिए हैं। मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका से रुआन डे स्वार्ट 55 और शॉन वॉन बर्ग 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। स्वार्ट ने टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक लगाया। कीवी टीम से रचिन रवींद्र ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की खराब शुरूआत रही। विकेटकीपर-बैटर क्लाइड फोर्च्यून बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इसके बाद टीम को दूसरा झटका कप्तान नील ब्रांड के रूप में लगा। ब्रांड 25 रन बनाकर आउट हुए। रेनार्ड वान टोंडर 32 रन बनाकर आउट हुए। जुबैर हमजा ने 20 और डेविड बेडिंघम ने 39 रन बनाए। कीगन पीटरसन 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र तीन विकेट ले चुके हैं। उनके अलावा मैट हेनरी, विलियम ओरूर्के और नील वेगनर को 1-1 विकेट मिला। कप्तान टिम साउदी ने 21 ओवर में 54 रन दिए। इस दौरान उन्होंने सात मेडन ओवर फेकें।

# खिलाड़ियों को बीसीसीआई की चेतावनी


## कहा- सीनियर खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी खेलनी होगी, अन्यथा हम एक्शन लेंगे



### आईपीएल की तैयारी के कारण क्रुणाल और चाहर नहीं खेल रहे रणजी मैच

**मुंबई,(एजेंसी):** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में शामिल नहीं होने के बाद चेतावनी दी है। बड़ौदा के क्रुणाल पंड्या और राजस्थान के दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों ने स्टेट टीम से मैच खेलने के बजाय आईपीएल की तैयारी को प्राथमिकता दी है। बीसीसीआई ने नेशनल सिलेक्टर्स से चर्चा के बाद सभी खिलाड़ियों को ईमेल किया। बोर्ड ने खिलाड़ियों को अपनी स्टेट टीम से रणजी ट्रॉफी में अगले राउंड का मैच खेलने के लिए कहा है।

क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार,बीसीसीआई ने सोमवार को ईमेल के जरिए खिलाड़ियों को चेतावनी दी। बोर्ड ने कहा कि जो खिलाड़ी नेशनल स्क्वॉड और एनसीए में नहीं हैं, उन्हें स्टेट टीम के साथ मैच खेलना ही होगा। रणजी ट्रॉफी का अगला राउंड 16 फरवरी से शुरू होगा। सभी खिलाड़ियों को इस राउंड में स्टेट टीम के साथ शामिल होने की चेतावनी दी गई है। अगर खिलाड़ी फिट होने के बावजूद रणजी खेलने नहीं उतरे तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। बड़ौदा के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या और राजस्थान के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने अभी से आईपीएल की तैयारी करना शुरू कर दिया है। उन्हें अब अपनी घरेलू टीम से रणजी मैच खेलना ही होगा। क्रुणाल पंड्या आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स से खेलते हैं। उन्होंने बड़ौदा में आईपीएल की तैयारी करनी शुरू कर दी है। क्रुणाल ने घरेलू क्रिकेट में लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट खेला था, लेकिन वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट के लिए अवेलबल नहीं रहे। दूसरी ओर, चाहर ने पारिवारिक कारणों से दिसंबर-जनवरी में ब्रेक लिया था। वह अब फिट हैं, लेकिन फिर भी फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेल रहे। दीपक चाहर ने दिसंबर में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। तब से वह क्रिकेट से दूर हैं। इतना ही नहीं, सीनियर टीम से बाहर हुए श्रेयस अय्यर और मेंटल ब्रेक के बाद वापसी कर चुके ईशान किशन को भी अपने स्टेट की टीम से खेलना ही होगा। ईशान झारखंड और श्रेयस मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। सूत्रों ने बताया कि ईशान ने अपनी फैमिली को टाइम देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लिया था, क्योंकि वह लंबे समय से टीम के साथ थे और अपने परिवार को बिल्कुल भी समय नहीं दे सके। ऐसे में ब्रेक के दौरान ईशान ने परिवार के साथ समय बिताया। तैयारी नहीं होने के कारण वह रणजी ट्रॉफी नहीं खेल सके। वह मुंबई में होने वाले डीवाई पाटिल टूर्नामेंट से क्रिकेट में वापसी करेंगे।



### बीसीसीआई अफसर बोले- गलत सिग्नल दे रहे राहुल

मुंबई, केएल राहुल के तीसरे टेस्ट से बाहर होने पर बीसीसीआई ने सवाल उठाए। बोर्ड अधिकारी ने कहा कि राहुल अगर फिट नहीं हैं तो वह इंस्टाग्राम पर अपनी बैटिंग की वीडियो पोस्ट क्यों कर रहे हैं। ऐसा करने से वह बोर्ड को गलत सिग्नल भेज रहे हैं। टीम इंडिया के बल्लेबाज राहुल इंजरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। उन्हें आखिरी 3 टेस्ट के स्क्वॉड में शामिल किया गया, लेकिन सोमवार को ही बीसीसीआई ने बताया कि राहुल फिट नहीं हैं और वह तीसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बीसीसीआई ऑफिशियल ने कहा कि अगर बीसीसीआई मेडिकल टीम को पता था कि राहुल की चोट गंभीर है तो उन्होंने राहुल को स्क्वॉड में शामिल करने की छूट दी ही क्यों? और खिलाड़ी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो पोस्ट कर गलत सिग्नल क्यों भेज रहे हैं? राहुल ने पिछले दिनों इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो शेयर की थी। बीसीसीआई अधिकारी का कहना है कि राहुल ने वीडियो शेयर की, इसीलिए उन्हें लगा कि वह खेलने के लिए फिट हैं। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान शनिवार को हुआ। राहुल के साथ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके रवींद्र जडेजा को भी स्क्वॉड में जगह मिली।

### रेहान को राजकोट एयरपोर्ट पर रोका गया



**राजकोट,** : भारत के दौरे पर आई इंग्लैंड क्रिकेट टीम के फिरकी गेंदबाज रेहान अहमद को वीजा संबंधी दस्तावेज न होने के कारण हवाई अड्डे पर रोका गया। क्रिकइंफो के अनुसार अबूधाबी से मिड सीरीज ब्रेक से लौटने पर रेहान को राजकोट एयरपोर्ट पर ही रोक लिया गया क्योंकि उनके पास सिंगल एंट्री वीजा ही था। हालांकि स्थानीय अधिकारियों ने इस समस्या का तात्कालिक समाधान निकाल लिया। इंग्लैंड अब यह उम्मीद कर रहा है कि आने वाले 24 घंटों में इस समस्या का स्थाई समाधान मिल जाएगा। सोमवार शाम तक इंग्लैंड दल के सभी सदस्य राजकोट के टीम होटल पहुंच चुके थे। ईसीबी ने इस मामले पर बयान जारी करते हुए कहा है कि भारत लौटने पर यह जानकारी दी गई कि रेहान के वीजा में कागजी कार्रवाई संबंधी समस्या थी।

## तीन अहम सदस्यों के बगैर अफगान करेगा श्रीलंका का मुकाबला

### राशिद के अलावा मुजीब, सलीम को चोट के कारण टीम में नहीं दी जगह

● कोलंबो, (एजेंसी)

**श्रीलंका** के खिलाफ 17 फरवरी से शुरु हो रही टी-20 सीरीज में अफगानिस्तान के तीन अहम खिलाड़ी चोट के कारण भाग नहीं ले सकेंगे।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी बयान के अनुसार टीम के नियमित कप्तान और स्टार स्पिनर राशिद खान के अलावा मुजीब उर रहमान, मोहम्मद सलीम को चोट के कारण टीम में जगह नहीं दी गई है वहीं विकेटकीपर इकराम अलीखील और रहमत शाह के स्थान पर मोहम्मद इशाक और वफादार मोमंद को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। राशिद पीठ की चोट से उबर रहे हैं जबकि मुजीब को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले दाहिने हाथ में मोच आ गई थी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम भी हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवर नहीं हो पाए हैं। राशिद की अनुपस्थिति में इब्राहिम जदरान टीम की कप्तानी करेंगे। मुजीब ने भारत के खिलाफ दो टी-20 मैच खेले थे वहीं सलीम ने भारत के खिलाफ तीन टी-20 मैच खेलने के अलावा श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच भी खेला था। राशिद ने विश्व कप के बाद से ही कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेली है। वह बीबीएल और एसए-20 का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे। रिहैब में होने के चलते राशिद पीएसएल के आगामी सीजन से भी बाहर हो गए थे। श्रीलंका में अफगानिस्तान का अब तक का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। इकलौता टेस्ट मैच दस विकेट से हारने के साथ साथ वह तीन मैचों की वनडे सीरीज में 0-2 से पीछे हैं।



## रसेल के तूफान से कंगारु पस्त

### वेस्टइंडीज तीसरा टी-20 मैच 37 रन से जीता, ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 2-1 से जीती

**पर्थ,(एजेंसी):** आंद्रे रसेल (29 गेंदो पर 71 रन) और शरफेन रदरफोर्ड (67 नाबाद) के बीच छठे विकेट के लिए रिकॉर्ड 139 रनों की भागीदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने सीरीज के तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया को 37 रनो से हरा दिया।

टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टंडीज ने छह विकेट पर 220 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया पांच विकेट पर 183 रन ही बना सका। रसेल और रदरफोर्ड के बीच यह टी-20 इतिहास में कैरिबियन जोड़ी के बीच छठे विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी भागीदारी रही जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप का सपना टूट गया। एक समय वेस्टइंडीज के पांच विकेट 79 रन पर गिर चुके थे और मेहमान टीम के 170 रनो के आसपास लक्ष्य खड़ा करने की उम्मीद थी मगर रसेल ने क्रीज पर आते ही कंगारु गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। उन्हे दूसरे छोर पर रदरफोर्ड का भरपूर साथ मिला। दोनों बल्लेबाजों के आतिशी प्रदर्शन ने मेजबान खेमे में हलचल मचा दी। रसेल ने 29 गेंदो की संक्षिप्त मगर तूफानी पारी के दौरान सात छक्के और चार चौके लगाए वही रदरफोर्ड ने 40 गेंद खेल कर पांच चौके और पांच गगनचुंबी छक्के जड़े। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (81) ने अपनी टीम को शानदार शुरुआत दी मगर दूसरे छोर पर अपेक्षित सहयोग की कमी के कारण मेजबान टीम के लिये लक्ष्य लंबा होता गया जिसका खामियाजा अंततः उसे हार से चुकाना पड़ा। हालांकि आखिरी के ओवरों में टिम डेविड (41 नाबाद) ने चार छक्कों के साथ तूफानी बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया मगर यह टीम को विजय की दहलीज पर ले जाने के लिए नाकाफी था।



### रसेल और रदरफोर्ड के बीच छठे विकेट के लिए रिकॉर्ड 139 रनों की भागीदारी की

## नीदरलैंड से भिड़ेगी महिला हॉकी टीम

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग : कप्तान सविता को खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

● राउरकेला, (एजेंसी)

**भारतीय** महिला हॉकी टीम आज एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अपना छठा मैच नीदरलैंड के साथ खेलेगी।

भारतीय टीम के लिए एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 का अब तक सफर बेहद कठिन रहा है जहां उसे अपने पांच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है। चीन के खिलाफ अपने पहले मैच में 1-2 से हार झेलने के बाद, भारतीय महिलाएं नीदरलैंड्स से 1-3 से और ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से हार गई हालांकि भुवनेश्वर में अपने अंतिम मैच में उसे संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 3-1 से जीत मिली। राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में, भारत ने खेल की शुरुआत में बढ़त ले ली, लेकिन चीन ने जोरदार वापसी करते हुए खेल 2-1 से जीत लिया। भारतीय कप्तान सविता ने कहा कि हमें वो परिणाम नहीं मिले जो हम चाहते थे, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने और अपनी तरफ से कुछ अंक हासिल करने के लिए आवश्यक सब कुछ है। मुझे लगता है कि हम टुकड़ों-टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं, इसलिए यदि हम इसमें और अधिक निरंतरता ला सकें, तो हम निश्चित रूप से और अधिक गेम जीत सकते हैं। विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड को भारतीय महिला हॉकी टीम पर बढ़त हासिल है, नीदरलैंड ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है। नतीजे भारत के पक्ष में नहीं रहे हैं, लेकिन जब वे बुधवार को डच टीम से खेलेंगे तो वे इसे पलटने और तालिका में ऊपर जाने की कोशिश करेंगे।



भारतीय कोच जेनेके शोपमैन ने कहा कि नीदरलैंड एक गुणवत्ता टीम है लेकिन हमारे पास प्रतिभा या क्षमता की कमी नहीं है। हम अपनी हॉकी की तीव्रता को उच्च रखते हुए धैर्य रखेंगे और हमारे पास जो भी स्कोरिंग अवसर होंगे उन्हें भुनाने का प्रयास करेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम 14 फरवरी को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार 19.30 बजे नीदरलैंड से भिड़ेगी।

## वर्ल्ड रेसलिंग ने डब्ल्यूएफआई से सशर्त हटाया निलंबन

### एक जुलाई तक फिर चुनाव कराने होंगे, संजय बोले- किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली,(एजेंसी):** दुनिया भर में कुश्ती संचालित करने वाली संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के ऊपर से सशर्त निलंबन हटाया है। वर्ल्ड बॉडी ने मंगलवार को एक सोशल पोस्ट के जरिए भारतीय महासंघ से निलंबन हटाने का ऐलान किया। वर्ल्ड बॉडी के प्रतिनिधि मंडल ने 9 फरवरी को समीक्षा करने के बाद सशर्त निलंबन हटाने का फैसला किया। डब्ल्यूएफआई को 1 जुलाई 2024 तक फिर से फेडरेशन के लिए चुनाव कराने होंगे। इतना ही नहीं, खिलाड़ियों की भागीदारी में गैर-भेदभाव की लिखित गारंटी भी देनी होगी। अब भारतीय पहलवान इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तिरंगे के साथ उतर सकेंगे। भारतीय महासंघ को अगस्त 2023 में समय पर चुनाव न होने के कारण यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बैन किया था। निलंबन हटाने पर भारतीय रेसलिंग महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा है कि हम खेल और खिलाड़ी का नुकसान नहीं होने देंगे। आने वाले समय में हम नेशनल ट्रायल कराने जा रहे हैं। मैं ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए सारे खिलाड़ियों को आमंत्रित करूंगा। मेरा उद्देश्य कुश्ती को बढ़ावा देना है। ट्रायल में किसी भी खिलाड़ी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा।







# खाली हाथ बैठी हैं छोटे पर्दे की ये अभिनेत्रियां! शिल्पा शिंदे समेत इन एक्ट्रेस को नहीं मिल रहा काम

**शिल्पा शिंदे, दिव्यांका त्रिपाठी, रश्मि देसाई, करण पटेल जैसे कई सितारों ने छोटे पर्दे से खूब लोकप्रियता हासिल की है। ये ऐसे सितारे हैं, जिन्हें छोटे पर्दे से रातों-रात शोहरत मिली, लेकिन शो खत्म होते ही अब इन्हें वापसी का मौका नहीं मिल रहा है। तो आइए जानते हैं टीवी के इन मशहूर सितारों के बारे में...**

## शिल्पा शिंदे

शिल्पा शिंदे को सबसे ज्यादा लोकप्रियता भाबी जी घर पर हैं से मिली है। उन्होंने इस सीरियल में अंगूरी भाबी का किरदार निभाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हालांकि, शिल्पा शिंदे एक साल बाद ही शो से बाहर हो गईं। शो से बाहर होने के बाद शिल्पा पर्दे से दूर हैं, इंडस्ट्री में उन्हें कोई काम नहीं मिल रहा है।

## एरिका फर्नांडिस



एरिका फर्नांडिस छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री हैं। उन्होंने सीरियल कसौटी जिंदगी की' के दूसरे सीजन से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। उनके अभिनय को दर्शकों से सरहाना मिली। इसके अलावा एरिका कुछ रंग प्यार के ऐसे भी में डॉक्टर सोनाक्षी के किरदार में दिखी थीं। इस सीरियल के ऑफ एयर होने के बाद ये अभिनेत्री टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे दुबई में शिफ्ट हो गई हैं।

## दिव्यांका त्रिपाठी



दिव्यांका त्रिपाठी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री ने बनूं मैं तेरी दुल्हन', चिंटू चिंकी और एक बड़ी सी लव स्टोरी और 'ये हैं मोहब्बतें' जैसे सीरियल में काम किया है। ये हैं मोहब्बतें शो के ऑफ एयर होने के बाद से ही दिव्यांका त्रिपाठी पर्दे से दूर हैं।


## रश्मि देसाई

रश्मि देसाई सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री को छोटे पर्दे के सीरियल उतरन से काफी लोकप्रियता मिली है। इसके अलावा रश्मि 'दिल से दिल तक' और रियलिटी शो 'बिग बॉस' का भी हिस्सा रही थीं। लंबे समय से रश्मि देसाई पर्दे से दूर हैं। बता दें कि रश्मि ने छोटे पर्दे पर ही नहीं भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है।



# तेलुगु डेब्यू को लेकर उत्साहित मानुषी छिल्लर

2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद मानुषी छिल्लर ने बॉलीवुड का रुख किया। हाल ही में मानुषी छिल्लर ने कहा, मिस वर्ल्ड ने मुझे सिखाया कि कुछ भी योजना के मुताबिक नहीं होता और यही जीवन की खूबसूरती है। मानुषी ने जोड़ा, मिस वर्ल्ड का मेरे जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है, वह एक रात थी जिसने सब कुछ बदल दिया। मानुषी छिल्लर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं अभिनेत्री की तेलुगु डेब्यू फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन 1 मार्च को रिलीज होने वाली है। आगामी प्रोजेक्ट पर खुशी जाहिर करते हुए मानुषी ने कहा- बहुत सारे परिणामों का साल है, मैं हर चीज का इंतजार कर रही हूं।



# रामायण के लिए रणबीर ने शुरू की तैयारी, एक्सपर्ट के साथ ले रहे डिक्शन ट्रेनिंग

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' इन दिनों चर्चा में है। रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर कपूर इस फिल्म के लिए खास ट्रेनिंग ले रहे हैं। दरअसल, नितेश तिवारी चाहते हैं कि शूटिंग की शुरुआत होने से पहले एक्टर्स पूरी तरह से तैयार हो। बता दें, नितेश तिवारी इस फिल्म के लिए एक डिक्शन (बोलने का तरीका) डिपार्टमेंट बना रहे हैं। इस डिपार्टमेंट का काम केवल डिक्शन और किरदारों के कॉस्ट्यूम पर ध्यान देना होगा। रणबीर श्रीराम का किरदार निभाने के लिए केवल अपना हुलिया ही नहीं बदलेंगे। वो अपनी आवाज भी बदलेंगे। फिल्म के सभी लीड एक्टर्स की ट्रेनिंग कराई जाएगी। डिक्शन के अलावा फिल्म में किरदारों के कॉस्ट्यूम और वो कैसे दिखेंगे, इस पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। फिल्म की तैयारी देखकर पता चल रहा है कि डायरेक्टर फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

'रामायण' के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं रणबीर कपूर रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर अभी से ही फिल्म की तैयारियों में लग गए हैं। रणबीर, नितेश तिवारी के कहने पर डिक्शन एक्सपर्ट (बोलने के अंदाज के लिए एक्सपर्ट) के साथ प्रैक्टिस शुरू कर चुके हैं। डिक्शन एक्सपर्ट ये तय करेगा कि किरदार द्वारा बोले गए डायलॉग फिल्म के विजन के हिसाब से हो। रणबीर अपने रोल के साथ पूरी तरह से न्याय करना चाहते हैं। वो इस रोल के लिए घंटों प्रैक्टिस कर रहे हैं। रणबीर डायलॉग्स याद करके वीडियो बनाते हैं, और अप्रूवल के लिए डायरेक्टर के पास भेजते हैं। अप्रूवल के हिसाब से वो अपनी ट्रेनिंग पर ध्यान देना चाहते हैं। दरअसल, नितेश चाहते हैं कि इस फिल्म में रणबीर कपूर की आवाज उनकी अबतक की फिल्मों से अलग हो। वहीं, एक बेहतरीन एक्टर होने के नाते रणबीर इस प्रोसेस को एंजॉय कर रहे हैं।

# क्रैक- जीतेगा तो जिएगा में ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी एमी जैक्सन

**विद्युत जामवाल अभिनीत फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा में अभिनय करने वाली अभिनेत्री एमी जैक्सन फिल्म प्रमोशन के लिए लंदन से वापस आ गई हैं, उन्हें पैपराजी के लिए पोज देते हुए देखा गया।**

गॉसिप गर्ल स्टार एड वेस्टविक से सगाई करने वाली अभिनेत्री को मुंबई के अंधेरी में देखा गया, जहां वह प्लंजिंग नेकलाइन और हाई स्लिट वाले आउटफिट में दिख रही हैं। उन्हें पत्रकारों के लिए पोज देते हुए देखा जा सकता है। अपने लुक को पूरा करने के लिए एमी ने काले धूप के चश्मे के साथ क्लासिक लुक चुना और अपने बालों को एक जूड़े में बांधा। क्रैक- जीतेगा तो जिएगा में एमी एक ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी, जिसका मुख्य मकसद घातक गेम मैदान को रोकना है। गेम मास्टर अर्जुन रामपाल हैं, जिन्होंने गेम के लिए नियम निर्धारित किया है जो जीतेगा तो जीएगा है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होगी। इसमें नोरा फतेही भी हैं।



# अर्जुन रामपाल ने अपने सह-कलाकार विद्युत जामवाल को कहा एनिमल

फिल्म क्रैक - जीतेगा तो जिएगा को लेकर अभिनेता अर्जुन रामपाल पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने इस फिल्म को शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण बताया है। अभिनेता ने अपने सह-कलाकार विद्युत जामवाल को एनिमल कहकर संबोधित किया। फिल्म के एक्शन पर बोलते हुए अर्जुन ने कहा, मैंने अपने सभी स्टंट खुद करने की कोशिश की है। यह शारीरिक रूप से सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक रही। अपने सह-कलाकार विद्युत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जब आप विद्युत से मिलते हैं, और आप उसे गले लगाते हैं और उसकी मांसपेशियों को महसूस करते हैं। आपको ऐसा लगता है, यह कौन सा एनिमल है। अर्जुन ने सेट पर प्रशिक्षित एथलीटों की तारीफ करते हुए कहा, हमें सेट पर पूरे देश से प्रशिक्षित एथलीट मिले, और मैं उनसे इतना प्रेरित हुआ कि मैं लगातार खुद को आगे बढ़ा रहा था। फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी हैं। यह 23 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



# लीजेंड्री राजपूत योद्धा सुहेलदेव के रोल में नजर आएंगे राम चरण

संजय लीला भंसाली वेब सीरीज हीरामंडी से चर्चा में बने हुए हैं। अब खबर सामने आई कि वो एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर बेस्ड है। सूत्रों का कहना है कि भंसाली की अपकमिंग पैन इंडिया फिल्म अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए उनकी टीम ने कुछ समय पहले राम चरण से संपर्क किया है। राम चरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। अगर उनके मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव के रोल में देखे जाएंगे। रिपोर्ट्स का दावा है कि कुछ समय में फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जाएगी। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर बेस्ड है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था। अगर ऐसा होता है तो भंसाली के निर्देशन में राम चरण को इस किरदार में देखना रोमांचक होगा। वर्क फ्रंट पर इन दिनों भंसाली फिल्म लव एंड वॉर से चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्मों में एक है। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणबीर कपूर को ग्रे शेड रोल में देखा जाएगा। यह अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।



# इंडस्ट्री के आखिरी सुपरस्टार हैं शाहरुख-सलमान

रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी सीरीज द इंडियन पुलिस फोर्स हाल ही में रिलीज हुई है। एक्टर निकितिन धीर ने फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। बातचीत में निकितिन ने अपने फिल्मी करियर और एक्सपीरियंस पर बात की है। निकितिन ने बताया कि शाहरुख खान स्टारर फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस उनके करियर की सबसे खास फिल्म है। इसमें काम करने के बाद ही उन्हें इंडस्ट्री में पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने थंगबली का किरदार निभाया था। उन्होंने कहा- ये फिल्म मेरे लिए सपना सच होने जैसा था। इस फिल्म की वजह से मुझे आज भी लोगों का प्यार मिलता है। ये हमेशा मेरे लिए सबसे खास रहेगी। निकितिन ने कहा- आप बहुत किस्मत वाले होंगे, अगर आपको सलमान और शाहरुख जैसे बड़े सुपरस्टार के साथ काम करने का मौका मिले। मुझे लगता है कि ये दोनों बॉलीवुड के आखिरी सुपरस्टार हैं। एक्टर ने कहा कि जिस तरह का उनका स्टारडम है, वो दोबारा देखने को नहीं मिलेगा। उनके साथ फिल्में करने के दौरान मैंने देखा कि किस तरह लोग उनकी एक झलक पाने के लिए परेशान रहते थे। उन्होंने कहा कि सक्सेस मिलना अलग बात है, लेकिन इतने सालों तक उसे बरकरार रखने के लिए अलग लेवल की मेहनत करनी पड़ती है।

# बड़े मियां छोटे मियां का एक्शन कैनवास रियल

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के निर्माताओं ने प्रशंसकों को मेकिंग ऑफ रियल एक्शन फिल्म वीडियो की एक झलक दिखाई। वीडियो हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसका दर्शकों का इंतजार हैं। निर्देशक अली अब्बास जफर ने कहा, लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं कि बड़ी एक्शन फिल्में बनाने का यह पागलपन भरा आकर्षण क्या है, और मेरे पास कोई जवाब नहीं है। मैं आमतौर पर कहता हूं कि शायद यह डरने की प्रवृत्ति है, कुछ ऐसा हासिल करने की कोशिश करने की प्रवृत्ति है, जो असंभव है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में एक्शन का कैनवास बहुत वास्तविक है, यह एक्शन प्रेमियों के लिए एक उपहार होगा। निर्माता जैकी भगनानी ने कहा कि बड़े मियां छोटे मियां में दो सबसे बड़े एक्शन स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ पहली बार एक साथ हैं। उन्होंने कहा, हमने इस इरादे से शूट किया कि एक्शन धमाकेदार और असली होना चाहिए। हमने यह सुनिश्चित किया है कि यह वास्तव में विश्वसनीय लगे। हमें उम्मीद है कि दर्शक स्क्रीन पर अपने नायकों के रियल एक्शन से जुड़ेंगे।

निर्माता वासु भगनानी ने कहा, अली अब्बास जफर ने हर चीज पहले ही बोली थी, उन्होंने कहा था कि कम से कम मुझे हर चीज रियल करनी है। मुझे बहुत घबराहट होती थी, आज के जमाने में इतना बड़ा एक्शन रियल कैसे हो सकता है और हमने देख लिया।

मुंबई, लंदन, अबू धाबी, स्कॉटलैंड और जॉर्डन सहित अन्य स्थानों पर फिल्माई गई यह फिल्म हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर की याद दिलाते हुए एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन एक दिलचस्प खलनायक की भूमिका में हैं, साथ ही सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पूरे भारत में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में बहुभाषी रिलीज के लिए निर्धारित, बड़े मियां छोटे मियां सभी उम्र के दर्शकों को लुभाने और बॉक्स ऑफिस पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार है। वासु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट एएजेड फिल्म्स के सहयोग से बड़े मियां छोटे मियां लेकर आ रहे हैं।



# 18 तक हाई पॉवर कमेटी न बनी तो दिल्ली कूच

## आंदोलनरत किसान संगठनों ने दी चेतावनी, तीन घंटे चली बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पंजाब के किसानों और हरियाणा पुलिस के बीच पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर और जिन बॉर्डर पर एक ओर जहां इस समय टकराव चल रहा है। वहीं नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के किसानों ने भी प्रशासन व प्राधिकरण को बड़ी चेतावनी दे डाली है। किसानों ने 18 फरवरी तक किसानों की मांगों को लेकर हाई पॉवर कमेटी बनाने की डेड लाइन दी है। जिसके बाद किसान अपने आंदोलन को लेकर बड़ा फैसला लेंगे।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा और एनटीपीसी दादरी से प्रभावित किसान पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।

एनटीपीसी से प्रभावित किसानों का आंदोलन तो 55 दिनों से चल रहा है।






किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे इस आंदोलन को देखते हुए मंगलवार को सूरजपुर स्थित डीएम कार्यालय पर किसानों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम तथा गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के साथ बैठक हुई। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा तथा अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष डा. रूपेश वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण के सीईओ तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक लगभग 3 घंटे तक चली। इस बैठक में किसानों की विभिन्न मांगों पर अधिकारियों के साथ बातचीत हुई। बैठक में किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि 18 फरवरी तक उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हाई पॉवर कमेटी गठित नहीं की गयी तो 18 फरवरी के बाद किसान दिल्ली कूच करेंगे।

किसान नेता सुखबीर खलीफा ने बताया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तथा एनटीपीसी से प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन अभी तक न तो शासन स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान हुआ है और न ही जनप्रतिनिधि उनकी मांगों को लेकर गंभीर हैं। किसान अब अपना अधिकार किसी भी कीमत पर लेकर रहेंगे। 18 फरवरी तक अगर हाई पॉवर कमेटी का गठन नहीं किया गया तो किसान दिल्ली कूच करेंगे।

# सांसद ने कई गांवों में किया जनसंवाद, सुनी समस्याएं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने 'गांव चलो अभियान' एवं 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' के तहत जेवर व नोएडा के डाढा, लड़पुरा, कुलीपुरा, पंचायतन, सर्फाबाद, नवादा, विशनपुरा व निठारी में ग्रामीणों एवं किसानों के साथ बैठकर चर्चा की।



सांसद डा. महेश शर्मा ने गाँव चलो अभियान एवं ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान कहा कि सरकार आज आपके द्वार है और मोदी सरकार की गारंटी है कि सरकार किसानों के हित के कार्यो को प्राथमिकता देती है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और आज अन्नदाता की बदौलत अनाज का भंडार इतना है कि हम दूसरें देशों को भी अनाज निर्यात कर रहे है और देश के गरीब लोगो को पिछले कई वर्षो से मुफ्त उपलब्ध करा रहे है।

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि नोएडा संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि जेवर सोनू वर्मा, सत्य नारायण महावर (मण्डल अध्यक्ष), गोपाल गौड़ (मण्डल अध्यक्ष), घनष्याम यादव, उमेश पहलवान, राजेन्द्र अवाना, सुनीता महामंत्री, देशराज सिंह, उदयराम प्रधान, अरूण बैसोया, राहुल पंडित, बिरेन्द्र डाढा, नरेन्द्र डाढा, दिनेश भाटी (मण्डल अध्यक्ष), हरेन्द्र शर्मा, ओमकार भाटी, सिंग्गा पंडित, शिवम कासना, हिमांशु प्रधान अस्तौली, सुमित पंडित दनकौर, अमित नागर दनकौर, जगदीप नागर, हरिओम शर्मा, श्योराज सिंह, ओमदत्त शर्मा, श्याम शर्मा देवटा, यशु शर्मा मण्डी श्यामनगर, बल्ले प्रधान, रवि शर्मा, रिंकू नम्बरदार, सचिन अम्बावत, ओमवीर अवाना आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इलाहबांस में चला प्राधिकरण का बुल्डोजर

## 500 वर्ग मीटर की जमीन से अवैध कब्जा हटाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-138 इलाहबांस में 500 वर्ग मीटर जमीन अभियान चलाकर अतिक्रमण से मुक्त करा दी। जमीन की बाजारी कीमत 30 करोड़ रूपये बताई जाती है।



इलाहबांस गांव में अथॉरिटी की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर कॉलोनाइजर किया जा रहा था। वर्क सर्किल-7 के अधिकारियों ने जमीन खाली करने के लिए कई बार नोटिस भेजे गए, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया और न ही जमीन से कब्जा हटाया। अथॉरिटी ने गांव के खसरा नंबर-215, 216, 413, 414 और 415 जमीन पर जेसीबी चला कर अवैध अतिक्रमण को तोड़ दिया है। यहां 5 हजार वर्गमीटर से ज्यादा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। वहीं,अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के समय कब्जा करने वाले कॉलोनाइजर फरार हो गए। इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी है। यह कार्यवाही करीब 3 घंटे तक चली।

अधिकारियों ने बताया कि अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे लोग सस्ते दामों पर जमीन को बेचा जा रहा था। इस कार्रवाई में आने वाला खर्चा भी अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों से वसूला जाएगा।

# श्री श्याम बाबा का वार्षिक फागुन महोत्सव कल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 15 फरवरी को सेक्टर 51 स्थित वेडिंग विला बैंक्विट हॉल में श्री श्याम बाबा का पंचम वार्षिक फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी श्री श्याम सेवक परिवार के प्रवक्ता विकास जैन ने दी। उन्होंने बताया कि श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा मानस हॉस्पिटल सेक्टर 34 से 3:00 बजे प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक आएगी जिसमें होली महोत्सव के रूप में निशान यात्रा में हवा मे रंगों की होली खेली जाएगी।

श्री श्याम परिवार संस्था के अध्यक्ष सौरभ सिंघल ने बताया कि इस बार कीर्तन विशेष होगा जिसमें प्रख्यात हिंदूवादी सनातनी भजन गायिका अंजलि द्विवेदी बरेली, शुभम – रूपम कोलकाता, वेद रसिक वृंदावन, श्रीभगवान दीक्षित सोनीपत से बाबा का गुणगान करेंगे और सभी भक्तों को समुद्र मंथन का महा विशाल दृश्य देखने को मिलेगा और सच्चे मोती, हीरों से बाबा की नज़र उतारी जाएगी। और श्री श्याम बाबा को 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा।



संस्था के वरिष्ठ सदस्य अमित गोयल ने बताया कि प्रवेश द्वार पर आपको अयोध्या मंदिर और भगवान राम के दर्शन होंगे। इसी के साथ राधा रसोई का आयोजन आए सभी श्याम भक्तों के लिए किया जाएगा। निखिल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मध्य में बच्चों से धार्मिक क्विज आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चों को के गिफ्ट दिए जाएंगे। संस्था के वरिष्ठ सदस्य नवनीत गुप्ता ने बताया कि पंजाब के ढोल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे इसी के साथ वृंदावन से राधा कृष्ण की झांकी हमारे बीच रहेगी द्य उन्होंने बताया कि बाबा के लिए स्पेशल इत्र यूएई से मंगाया गया है।

# चैलेंजर्स ग्रुप ने किया प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चैलेंजर्स ग्रुप ने झुग्गी बस्तियों के बच्चों को प्रधानमंत्री संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान चैलेंजर्स की पाठशाला के छात्रों ने संग्रहालय में वर्तमान के साथ अतीत के प्रधानमंत्रियों के योगदान के बारे में जाना और लोकतंत्र के महत्व को बारीकी से समझा।

भ्रमण के दौरान चैलेंजर्स ग्रुप संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय आकर बच्चों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रत्यक्ष रूप से देखा व साथ ही इंडिया गेट पर बच्चों ने देश के वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक याद किया। अपने जीवन के इस प्रथम टूर के अनुभव को बताते हुए पाठशाला की छात्रा खुशबू ने कहा कि ये यात्रा मेरे लिए न केवल मनोरंजक सिद्ध हुई बल्कि ज्ञानवर्धक भी साबित हुई है।



इस मौके पर वैषणवी, रीतिका,शैलेंद्र, नीतू, मेघानशी, रोशनी, गीतिका, रौशनी, सौरभ, चांदनी आदि लोग मौजूद रहे।

# खान-पान व जीवनशैली में बदलाव से कम हो सकता है मधुमेह का खतरा : डा. हीना




**नोएडा ( चेतना मंच )।** कैलाश अस्पताल के सभागार में मधुमेह के उपचार समाधान एवं सावधानी के विषय में लंदन से आये डा. हीना त्रिवेदी (वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ) ने व्याख्यान दिया।

डा. हीना त्रिवेदी ने अपने मधुमेह के क्षेत्र में 25 वर्षो से भी ज्यादा का अनुभव साझा करते हुए बताया कि अगर जीवनशैली एवं खानपान में बदलाव किया जाये तो मधुमेह होने का कम खतरा होता है जिन लोगों को मधुमेह की पहचान हो जाती है उन्हे समय-समय पर डाक्टर से परामर्ष करानी चाहिए और समय-समय पर अपना ब्लड शुगर टेस्ट, एच बीए-1सी कराना चाहिए जिससे सही समय पर सही ईलाज हो सके।

इस अवसर पर डा. महेश शर्मा, माननीय सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार ने डा. हीना त्रिवेदी को मधुमेह के विषय में जानकारी देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर कैलाश अस्पताल के वरिष्ठ विषेषज्ञों, आरडब्ल्यूए के सदस्य, आर्मी के भूतपूर्व सैनिकों तथा नोएडा के वरिष्ठ नागरिकों एवं कैलाश अस्पताल की अध्यक्षा डा. उमा शर्मा, निदेशक डा. पल्लवी शर्मा, डा. कार्तिक शर्मा, डा. अनिल गुरनानी, ग्रुप डायरेक्टर क्रिटीकल केयर, डा. विजय गंजू मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट एवं तीन सौ से अधिक डाक्टरों ने हिस्सा लिया।

